सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

सोमवार, 26 जनवरी, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 26, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



## कंपनियों की पूंजी 2.51 लाख करोड़ रुपये घटी

शेयर बाजार में कमजोर रुख के कारण 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में नौ का कुल बाजार मूल्यांकन 2.51 लाख करोड़ रुपये घट गया। } 14

## एक फरवरी को आम बजट पेश करेंगी वित्त मंत्री

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी को आम बजट पेश करेंगी। बजट पेश होने के दिन रविवार है, लेकिन इस दिन शेयर बाजार एनएसई और बीएसई खुले रहेंगे। } 16

## सीबीआई के 31 अधिकारी पुलिस पदक से सम्मानित

नयी दिल्ली। कोलकाता के आर जी कर मेडिकल कॉलेज में एक चिकित्सक से बलात्कार एवं उसकी हत्या के मामले तथा सामाजिक कार्यकर्ता नरेंद्र दाभोलकर की हत्या के मामले की जांच की निगरानी करने वाले सीबीआई अधिकारी उन 31 केंद्रीय एजेंसी कर्मियों में शामिल हैं जिन्हें 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर पुलिस पदक के लिए चुना गया है। सरकार द्वारा रविवार को जारी सूची के अनुसार, गुजरात काडर के 2000 बैच के भारतीय पुलिस सेवा ( आईपीएस ) अधिकारी चंद्रशेखर को विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पदक प्रदान किया गया है।

## भारत पहुंचे गणतंत्र दिवस के मुख्य अतिथि लुइस और लेयेन, गार्ड ऑफ ऑनर से हुआ स्वागत

नई दिल्ली । गणतंत्र दिवस समारोह में शामिल होने के लिए यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष दोनों ही रविवार शाम को दिल्ली पहुंचे। इस दौरान एयरपोर्ट पर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। गणत्रंत दिवस समारोह में शामिल होने के लिए यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो लुइस सैंटोस दा कोस्टा और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उसुर्ला वॉन डेर लेयेन रविवार शाम 5 बजे के करीब राजधानी दिल्ली पहुंचे। दिल्ली पहुंचने पर दोनों मेहमानों को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। बता दें कि दोनों 77वें गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि हैं। यह पहली बार है जब यूरोपीय संघ के दो शीर्ष अधिकारी एक साथ भारत के गणतंत्र दिवस समारोह में भाग ले रहे हैं। यूरोपीय संघ के दोनों शीर्ष अधिकारियों के दिल्ली पहुंचने पर वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने दोनों का स्वागत किया। बता दें कि 1950 से भारत गणतंत्र दिवस समारोह में किसी विदेशी देश के राष्ट्रपति या प्रधानमंत्री को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित करता आ रहा है। यह परंपरा भारत की विदेश नीति और उसके अंतरराष्ट्रीय संबंधों को दशार्ती है। शीत युद्ध के समय भारत ने गुटनिरपेक्ष आंदोलन से जुड़े नेताओं को आमंत्रित किया, जबकि हाल के वर्षों में अपने करीबी और रणनीतिक साझेदार देशों के नेताओं को यह सम्मान दिया गया है। गणतंत्र दिवस समारोह में शामिल होने के अगले दिन, 27 जनवरी को भारत यूरोपीय संघ शिखर सम्मेलन होगा।

















**
# वॉयस ऑफ लखनऊ
सच, सिर्फ सच

सोमवार, 26 जनवरी, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 26, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

## कंपनियों की पूंजी 2.51 लाख करोड़ रुपये घटी

शेयर बाजार में कमजोर रुख के कारण 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में नौ का कुल बाजार मूल्यांकन 2.51 लाख करोड़ रुपये घट गया। } 12

## एक फरवरी को आम बजट पेश करेंगी वित्त मंत्री

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी को आम बजट पेश करेंगी। बजट पेश होने के दिन रविवार है, लेकिन इस दिन शेयर बाजार एनएसई और बीएसई खुले रहेंगे। } 12



## गणतंत्र दिवस देश की एकता का महान पर्व



लखनऊ। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने 77वें गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों सहित समस्त देशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर जारी अपने संदेश में राज्यपाल ने कहा कि गणतंत्र दिवस भारतीय लोकतंत्र, संवैधानिक मूल्यों और राष्ट्रीय एकता का महान उत्सव है। यह पर्व हमें भारतीयता के उस गौरवपूर्ण स्वरूप का स्मरण कराता है, जो हमें विविधता में एकता के सूत्र में बांधता है। उन्होंने कहा कि हमारा संविधान न केवल प्रत्येक नागरिक को अधिकार प्रदान करता है, बल्कि हमें अपने कर्तव्यों का भी निरंतर बोध कराता है।

## एक भारत श्रेष्ठ भारत के निर्माण का संकल्प लें : योगी



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 77वें गणतंत्र दिवस पर प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि यह राष्ट्रीय पर्व हमें अपने अमर सेनानियों के स्मरण के साथ ही 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' की संकल्पना की सिद्धि हेतु प्रतिबद्ध होने का संकल्प लेने का अवसर भी प्रदान करता है। समर्थ-आत्मनिर्भर, विकसित भारत और विकसित उत्तर प्रदेश के निर्माण के लिए हम सभी संकल्पित हों।

## गणतंत्र दिवस की दी हार्दिक शुभकामनाएं



**लखनऊ। बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट एवं यूपी बैडमिंटन एसोसिएशन के चेयरमैन विराज सागर दास ने गणतंत्र दिवस की देश व प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी हैं। अपने जारी संदेश में विराज सागर दास ने कहा कि गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर संविधान निर्माताओं की आकांक्षाओं एवं महापुरुषों की इच्छाओं को पूर्ण करने का संकल्प लें और आत्मनिर्भर भारत का सपना साकार करें। इसके साथ ही उन्होंने देश एवं प्रदेशवासियों को इसकी बधाई दी है। बधाई संदेश में उन्होंने कहा कि हमारी परम्परा में पर्व एवं त्योहार हर्षोल्लास एवं राष्ट्रीयता को सुदृढ़ करने के प्रेरणास्पद अवसर हैं। यह संस्कृति के गौरव एवं समृद्धि का प्रतीक है।**

### अवकाश की सूचना

गणतंत्र दिवस पर 'वॉयस ऑफ लखनऊ' के सुधी पाठकों, विज्ञापन दाता व समाचार पत्र वितरक बंधुओं और प्रदेशवासियों को ढेरों शुभकामनाएं।

26 जनवरी यानी सोमवार को वॉयस ऑफ लखनऊ कार्यालय बंद रहेगा। अगला अंक 28 जनवरी बुधवार को प्रकाशित होगा। –संपादक

## भारतीय उत्पाद उच्च गुणवत्ता के पर्याय होने चाहिएः मोदी

एजेंसी



नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उद्योग जगत एवं स्टार्टअप से गुणवत्ता पर ध्यान केंद्रित करने तथा विनिर्माण में उत्कृष्टता को एक मानदंड बनाने का संकल्प लेने का रविवार को आग्रह किया। मोदी ने रेडियो पर प्रसारित अपने मासिक कार्यक्रम मन की बात में कहा कि भारतीय उत्पाद उच्च गुणवत्ता के पर्याय होने चाहिए। उन्होंने उद्योग जगत से ऐसे उत्पादों का निर्माण करने का आग्रह किया जिनमें किसी प्रकार की कमी नहीं हो। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने 130वें मन की बात संबोधन में कहा, हम जो कुछ भी निर्मित करते हैं, आइए, उसकी गुणवत्ता में सुधार करने का संकल्प लें। चाहे वह हमारे वस्त्र हों, प्रौद्योगिकी हो, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण हों या पैकेजिंग, हर भारतीय उत्पाद सर्वोत्तम गुणवत्ता का पर्याय होना चाहिए। उन्होंने उन युवाओं के प्रयासों की भी सराहना की, जिन्होंने 10 साल पहले 2016 में शुरू हुई भारत की स्टार्टअप यात्रा में उत्साहपूर्वक भाग लिया। मोदी ने कहा कि आज भारत दुनिया का ...शेष पृष्ठ 12 पर

## विश्व में सबसे तेज बढ़ रही भारतीय अर्थव्यवस्था : मुर्मू

### गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति ने किया संबोधित

एजेंसी



नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 77वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर रविवार को राष्ट्र के नाम संदेश दिया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा, हम हम, भारत के लोग देश और विदेश में उत्साह के साथ गणतंत्र दिवस मनाने जा रहे हैं। गणतंत्र दिवस का यह पावन अवसर हमें हमारे देश के अतीत, वर्तमान और भविष्य की स्थिति और दिशा पर विचार करने का अवसर देता है। हमारे स्वतंत्रता संग्राम की ताकत ने 15 अगस्त 1947 को हमारे देश की स्थिति बदल दी। भारत स्वतंत्र हुआ।

हम अपने राष्ट्र के भाग्य के स्वयं निमार्ता बन गए। 26 जनवरी 1950 से हम अपने गणराज्य को सांविधानिक आदर्शों की दिशा में आगे बढ़ा रहे हैं। 'नए प्रतिमान स्थापित कर रहीं महिलाएं'। राष्ट्रपति मुर्मू ने आगे कहा, 'प्यारे देशवासियों, आप सब हमारे जीवंत गणतंत्र को शक्तिशाली बना रहे हैं। राष्ट्रपति ने कहा, प्यारे देशवासियों, भारत विश्व की सबसे तेज गति से बढ़ने वाली बड़ी अर्थव्यवस्था है। विश्व पटल पर अनिश्चितता के बावजूद भारत में निरंतर आर्थिक विकास हो रहा है। हम निकट भविष्य में विश्व की ...शेष पृष्ठ 12 पर

## देश की अर्थव्यवस्था का संबल बन रहा यूपीः योगी

जिला संवाददाता



मथुरा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से उत्तर प्रदेश बीमारू राज्य की छवि को पीछे छोड़ते हुए आज भारत की अर्थव्यवस्था का एक मजबूत संबल बन रहा है। मथुरा में एक जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन का उत्तर प्रदेश के पहले दौरे पर हार्दिक स्वागत किया।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह गर्व का विषय है कि नितिन नबीन का पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद पहला दौरा योगेश्वर श्रीकृष्ण की पवित्र भूमि मथुरा में हुआ है। उत्तर प्रदेश की जनता और राज्यभर के भाजपा कार्यकर्ताओं की ओर से मैं राष्ट्रीय अध्यक्ष का हार्दिक स्वागत करता हूं और उन्हें बधाई देता हूं। मुख्यमंत्री ने नितिन नबीन को युवा ऊर्जा और संगठनात्मक शक्ति का प्रतीक बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार के पाटलिपुत्र से पांच बार विधायक रह चुके नवीन ने भाजपा में विभिन्न संगठनात्मक दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ किया है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मथुरा और इसके आसपास के क्षेत्रवृंदावन, बरसाना, गोकुल, गोवर्धन, नंदगांव और बलदेव सदियों से सनातन धर्म के अनुयायियों के लिए प्रेरणा के केंद्र रहे हैं। इस भूमि का हर कण श्रीकृष्ण और राधा रानी की आध्यात्मिक विरासत को अपने भीतर समेटे हुए है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि यह जिला भाजपा के विचारक पं. दीनदयाल उपाध्याय की जन्मभूमि होने के कारण भी विशेष महत्व रखता है। डबल इंजन सरकार के तहत हुए विकास का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश अब बीमारू ...शेष पृष्ठ 12 पर

## धर्मेंद्र को पद्म विभूषण, शिबू सोरेन को पद्म भूषण, रोहित को पद्म श्री

### पद्म पुरस्कारों का एलानः कुल 131 पद्म पुरस्कारों की सूची में 5 पद्म विभूषण, 13 पद्म भूषण और 113 पद्म श्री की घोषणा

एजेंसी



रोहित शर्मा



धर्मेंद्र सिंह देओल



शिबू सोरेन



गायिका अलका याग्निक

नई दिल्ली। 77वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर पद्म पुरस्कार के नामों की घोषणा की गई है। कुल 131 पद्म पुरस्कारों की सूची में 5 पद्म विभूषण, 13 पद्म भूषण और 113 पद्म श्री की घोषणा की गई है। जानिए किन-किन हस्तियों को पद्म विभूषण और पद्म भूषण से सम्मानित किया जाएगा। केंद्र सरकार ने गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर वर्ष 2026 के पद्म पुरस्कारों की घोषणा कर दी है। गृह मंत्रालय द्वारा जारी विज्ञप्ति अनुसार इस वर्ष कुल 131 पद्म पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। इनमें 5 पद्म विभूषण, 13 पद्म भूषण और 113 पद्म श्री शामिल हैं। कुल 131 पद्म पुरस्कार की सूची में पांच पद्म विभूषण, 13 पद्म भूषण और 113 पद्म श्री पुरस्कार शामिल हैं।

पुरस्कार पाने वालों में 19 महिलाएं हैं, जबकि इस सूची में विदेशी नागरिकों, अनिवासी भारतीयों, भारतीय मूल के व्यक्तियों और भारत के प्रवासी नागरिकों की श्रेणी में छह लोग भी शामिल हैं, साथ ही 16 लोगों को मरणोपरांत सम्मानित किया गया है। केरल के पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ कम्युनिस्ट नेता वी. एस. अच्युतानंदन व दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र को वर्ष 2026 के लिए देश के दूसरे सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्म विभूषण से मरणोपरांत सम्मानित किया जाएगा। लोक कार्यों के क्षेत्र में योगदान के लिए पूर्व सुप्रीम कोर्ट न्यायाधीश के. टी. थॉमस, कला के क्षेत्र में हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत की प्रख्यात गायिका और वायलिन वादक एन. राजम, तथा साहित्य और शिक्षा के क्षेत्र में वरिष्ठ मलयालम पत्रकार पी. नारायणन को भी पद्म विभूषण से सम्मानित किया जाएगा। पद्म विभूषण में धर्मेंद्र सिंह देओल (मरणोपरांत), कला (महाराष्ट्र), के. टी. थॉमस- लोक कार्य (केरल), एन. राजम -कला (उत्तर प्रदेश), पी. नारायणन -साहित्य एवं शिक्षा (केरल), वी. एस. अच्युतानंदन (मरणोपरांत) लोक कार्य (केरल), पद्म भूषण पाने वालों में प्रसिद्ध पार्श्व गायिका अलका याग्निक, उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी, मशहूर अभिनेता मम्मूटी और उद्योगपति-बैंकर उदय कोटक प्रमुख हैं। गृह मंत्रालय के मुताबिक विज्ञापन जगत के दिग्गज पीयूष पांडे, झारखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापक शिबू सोरेन और भाजपा नेता वी. के. मल्होत्रा को भी पद्म भूषण दिया गया है। वहीं अभिनेता और हास्य कलाकार सतीश शाह को पद्म श्री से मरणोपरांत सम्मानित किया जाएगा। टेनिस जगत के दिग्गज विजय अमृतराज को पद्म भूषण से सम्मानित किया गया है। वहीं क्रिकेटर रोहित शर्मा, भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर और हॉकी खिलाड़ी सविता पुनिया को पद्म श्री प्रदान किया जाएगा इसके अलावा जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति एम. जगदीश कुमार, प्रसार भारती के पूर्व सीईओ शशि शेखर वेम्पति तथा अभिनेता आर. माधवन और प्रोसेनजीत चटर्जी भी पद्म श्री से सम्मानित होने वालों में शामिल हैं। पद्म भूषण से सम्मानित होने वालों में कला, चिकित्सा, लोक कार्य, सामाजिक कार्य, ...शेष पृष्ठ 12 पर

## चुनाव आते ही बांटने-काटने वाली ताकतें सक्रिय हो जाती हैंः नवीन




**मथुरा(मधुसूदन शर्मा)।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने पार्टी कार्यकर्ताओं से 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनावों से पहले बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने का आह्वान करते हुए रविवार को कहा कि चुनाव आते ही बांटने और काटने वाली ताकतें सक्रिय हो जाती हैं और उनसे राजनीतिक रूप से लड़ने के लिए तैयार रहना चाहिए। यहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुनने के बाद एक सभा को संबोधित करते हुए भाजपा अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं को सतर्क करते हुए कहा कि देश में ऐसी ताकतें काम कर रही हैं जो बांटने और काटने में विश्वास रखती हैं, संविधान का अपमान करती हैं।

## शुभांशु को मिला अशोक चक्र



नई दिल्ली। ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला अशोक चक्र से सम्मानित किया गया है, जबकि नायब सूबेदार डोलेश्वर सुब्बा, मेजर अर्शदीप सिंह और ग्रुप कैप्टन प्रशांत बालकृष्णन नायर को कीर्ति चक्र से सम्मानित किया गया है। 77वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर वीरता पुरस्कार के नामों की भी घोषणा हो चुकी है। अंतरिक्ष यात्री और ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को अशोक चक्र से सम्मानित किया गया है।




विशेष खबर

### बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास ने गरीबों की सेहत को दी प्राथमिकता

## जाड़े से बचाने के लिए जलवाते रहेंगे अलाव

अनिल कुमार सिंह



लखनऊ। बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास ने रविवार को गरीबों, मजदूरों और जरूरतमंदों को सर्दी से निजात दिलाने के लिए राजधानी लखनऊ में जगह-जगह अलाव जलवाए। इससे लोगों ने काफी राहत महसूस की। ट्रेन-बस पकड़ने वाले यात्रियों और सवारियों की प्रतीक्षा कर रहे ऑटो रिक्शा चालकों ने भी अलाव तापकर सर्दी से राहत पाई। रविवार को तमाम राहगीर, डिलीवरी ब्वॉय, ऑटो रिक्शा चालक, गरीब, मजदूर और यात्रीगण सर्दी से बचने के लिए जगह-जगह अलाव तापते नजर आए। अस्पताल में भर्ती मरीजों के तीमारदारों ने भी विराज सागर दास द्वारा जलवाए गए अलाव की सराहना की।

गौरतलब है कि जाड़े की रात गरीबों के लिए बहुत भारी पड़ती है। अलाव सर्दी से लड़ने में उनके सहायक बनते हैं। ऐसे लोगों की मदद के लिए शहर के हर गली-मोहल्ले व चौराहे पर विराजसागर दास अलाव जलवा रहे हैं जो लोगों को सर्दी से बचाने में अहम भूमिका अदा कर रहे हैं। बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास के निर्देश पर उनके लोगों ने रविवार को शहर के लगभग विभिन्न प्रमुख स्थानों मालवीय नगर, राजाजीपुरम, छोटा इमामबाड़ा, विकास नगर सब्जी मण्डी, नीरा नर्सिंग होम, खदरा, मोहन मीकिंग बाल्मीकि बस्ती, पेपर मिल कॉलोनी, हनुमान मंदिर डालीगंज, हनुमान सेतु मंदिर, ...शेष पृष्ठ 12 पर

संक्षेप

## सड़क हादसे में व्यापारी की मौत

मोहम्मदी खीरी। कस्बा में पैदल जा रहे व्यापारी को अज्ञात वाहन ने टक्कर मारकर रौंद दिया था जिसकी इलाज के दौरान रविवार को बरेली में मौत हो गई है। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया है। मृतक के बेटा और बेटी फरवरी में शादी होना तय था जिसको लेकर घर में जोर शोर से तैयारियां चल रही थी पल झपकते ही खुशियां मातम में बदल गई है। कस्बा के व्यापारी नरेंद्र वर्मा 50 वर्षीय सुबह 5 बजे करीब घर से पैदल डेरी पर दूध लेने जाते समय पीछे से आ रहे तेज रफ्तार वाहन चालक ने टक्कर दी जिससे वह उछल कर नीचे गिरने से गम्भीर रूप से घायल हो गए थे। बरेली में रविवार को इलाज के दौरान मौत हो गई है। मृतक की पत्नी वंदना ने बताया बेटी शिवानी की 14 और बेटा अवनीश की 24 फरवरी को शादी होनी तय थी जिसकी तैयारियां घर में जोर शोर से चल रही थी मेहमानों को आमंत्रित किया जा रहा था। हादसा आकस्मिक व साजिश को लेकर तमाम चर्चाओं का बाजार गर्म है विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह, सांसद आनंद भदौरिया, पूर्व सांसद रेखा अरूण वर्मा, डॉक्टर सुरेंद्र सिंह, नपाध्यक्ष संदीप मेहरोत्रा उर्फ कन्हैया ब्लॉक प्रमुख महेंद्र बाजपेई, डॉ परमजीत समेत तमाम गणमान्य लोगों ने फोन पर बात कर हादसे पर दुःख जताते हुए परिजनों को ढांढस बंधाया है।

## गणतंत्र दिवस पर एसएसपी जय प्रकाश सिंह सम्मानित

उन्नाव। गणतंत्र दिवस के अवसर पर पुलिस विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया जाएगा। प्रदेश के पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण ने अच्छी पुलिसिंग और अपराध नियंत्रण में सराहनीय योगदान के लिए विभिन्न श्रेणियों में अवार्ड प्रदान किए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जयप्रकाश सिंह को प्लेटिनम अवार्ड से नवाजा जाएगा। उन्हें यह सम्मान अपराध नियंत्रण, प्रभावी पुलिसिंग और जनसुरक्षा के क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय कार्यों के लिए दिया गया है। एसएसपी जयप्रकाश सिंह के नेतृत्व में अपराधियों के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई की गई, जिससे जिले में अपराध पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित हुआ। इधर, अचलगंज थाना प्रभारी निरीक्षक ब्रजेश शुक्ल को उत्कृष्ट कार्यशैली के लिए सराहनीय सेवा अवार्ड प्रदान किया गया। आरक्षी नीतीश यादव को रजत पदक के अवार्ड से सम्मानित किया गया। सम्मानित सभी पुलिसकर्मियों ने कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने व जनता में पुलिस के प्रति सकारात्मक विश्वास बनाने में अपनी महती भूमिका का निर्वाहन किया, जिसके लिए उन्हे सम्मानित कर मनोबल बढाने का काम किया गया।

## मतदाता जागरुकता अभियान चलाया

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। स्थानीय क्षेत्र कस्बा ऊगू मे 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर ज्वाला देवी दीक्षित बालिका विद्यालय ऊगू की छात्राओं ने मतदाता जागरूकता पर पोस्टर, स्लोगन, निबंध, कविता एवं नुक्कड़ नाटक कर जागरूकता अभियान चलाया। इस मौके पर विद्यालय की प्रधानाचार्या अंजू सिंह, शिखा सिंह, सोनी, आकांक्षा, सौरभ राज भारती, विवेक तिवारी आदि उपस्थित रहकर बच्चो का उत्साह वर्धन किया।

# डीएम ने दिलाया मतदाता जागरूकता का संकल्प



लखीमपुर खीरी। खीरी में जिला, तहसील, बूथ स्तर पर 16वाँ राष्ट्रीय मतदाता दिवस मना।18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले नए मतदाताओं को मतदाता फोटो पहचान पत्र की सौगात मिली।

बेहतरीन कामकाज वाले 48 बीएलओ, आठ सुपरवाइजर, डायट, उच्च शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा स्तर पर हुई मतदाता जागरूकता प्रतियोगिताओं के 29 विजेताओं को सम्मानित किया गया। विभिन्न प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले 11 दिव्यांग विजेताओं को सम्मानित किया गया, 17 वरिष्ठ नागरिक/मतदाताओं को माल्यार्पण एवं शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। जिला मुख्यालय पर कलेक्ट्रेट में डीईओ व डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की अध्यक्षता में 16वा राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, सीडीओ अभिषेक कुमार ने एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह, एसडीएम अश्विनी कुमार सिंह, अर्चना ओझा, युगांतर त्रिपाठी के साथ किया। वर्ष में किये गए विभिन्न कार्यक्रम से संबंधित फोटोग्राफ एवं पेपर कैटिंग की प्रदर्शनी का फीताकाट कर शुभारंभ किया गया, कार्यक्रम की शुरूआत में एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने कार्यक्रम की आवश्यकता एवं प्रासंगिकता बताइ। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने मौजूद अधिकारियों, कर्मचारियों, नवीन मतदाताओं, स्कूली छात्र छात्राओं एवं आम नागरिकों को मतदाता जागरूकता शपथ दिलाई। डीएम ने कहा कि हमें मतदान के मूल्यवान अधिकार का हमेशा सम्मान करना चाहिए। मतदान का अधिकार कोई साधारण अधिकार नहीं है, इसके लिए दुनिया भर के लोगों ने काफी संघर्ष किया है। आजादी के बाद से हमारे संविधान ने बिना किसी भेदभाव के सभी नागरिकों को समान मतदान का अधिकार दिया है। इसके लिए हम अपने संविधान निर्माताओं के ऋणी हैं। सीडीओ अभिषेक कुमार ने युवाओं और नागरिकों को मताधिकार के प्रति जागरूक किया। मतदाता अधिकार का उपयोग करना हमारा कर्तव्य है। एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस का मुख्य उद्देश्य मतदाताओं, विशेषकर नए मतदाताओं को जागरूक करना और मतदान में सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित करना है।

## एसडीएम ने मतदाता दिवस पर दिलायी शपथ

धौरहरा खीरी। तहसील धौरहरा में राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया 16 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर रविवार को तहसील के सभागार मे मतदाता दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे उपस्थित सभी लोगो को एसडीएम धौरहरा शशिकांत मणि ने शपथ दिलाई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसडीएम ने मतदान के बारे में बताया और मतदान करने के लिये प्रेरित किया। इस अवसर पर विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 मे उत्कृष्ट कार्य करने वाले तहसील धौरहरा के बूथ लेवल ऑफिसर व सुपरवाइजर को एसडीएम ने प्रशस्ति पत्र व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। इस दौरान तहसीलदार धौरहरा आदित्य विशाल, बीआरसी राजेश वर्मा, नितेश वर्मा सहित कर्मचारी उपस्थित रहे।




## बेहतर कामकाज वाले बीएलओ, सुपरवाइजर पुरस्कृत

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, सीडीओ अभिषेक कुमार और एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र-142 लखीमपुर एवं 140-श्रीनगर (अ.जा.) के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 05-05 बीएलओ तथा 01-01 बीएलओ सुपरवाइजर को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया इसके साथ ही जनपद स्तर पर सभी विधान सभा क्षेत्रों में 01-01 सर्वश्रेष्ठ कार्य करने वाले बीएलओ, जिन्हें पूर्व में जनपद द्वारा जंगल सफारी कराई गई थी, उन्हें भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

## फरधान आरओबी उद्घाटन टला, डीएम सख्त

लखीमपुर खीरी। एनएच-730 पर स्थित बहुप्रतीक्षित फरधान आरओबी (फ्लाईओवर) का उद्घाटन रविवार को प्रस्तावित था, लेकिन निर्माण संबंधी कमियां सामने आने पर उद्घाटन कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया।

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने निरीक्षण के दौरान कमियां पाए जाने पर नाराजगी जाहिर करते हुए राष्ट्रीय खंड के अधिशासी अभियंता शुभ नारायण को कड़ी फटकार लगाई और दो दिन के भीतर सभी अवशेष कार्य पूर्ण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि उद्घाटन से दो दिन पूर्व सीडीओ अभिषेक कुमार ने फ्लाईओवर का निरीक्षण कर अवशेष कार्यों को दो दिन में पूरा करने के स्पष्ट निर्देश दिए थे। एनएच के अधिकारियों ने 25 जनवरी को उद्घाटन की तिथि भी तय की। दो दिन में कमियां दुरुस्त न कर पाने से एनएच की लापरवाही उजागर हो गई। रविवार को निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, सीडीओ अभिषेक कुमार एवं एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह फ्लाईओवर स्थल पर पहुंचे, निरीक्षण के दौरान सीडीओ द्वारा दिए गए निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन न होने पर अधिकारियों की लापरवाही उजागर हुई। सड़क की फिनिशिंग सहित कुछ खामियां पाए जाने पर डीएम ने उद्घाटन रोकते हुए साफ कहा कि गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। डीएम ने एनएच के अधिशासी अभियंता शुभ नारायण से कमियों का कारण पूछा और असंतोष जताते हुए दो दिन में सुधार के निर्देश दिए। सभी कार्य संतोषजनक पाए जाने के बाद ही नई उद्घाटन तिथि घोषित की जाएगी। इस दौरान उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल होने पहुंची बड़ी संख्या में महिलाओं व बालिकाओं से डीएम ने संवाद किया। उन्होंने कहा कि आप सभी के आने के लिए धन्यवाद, इसी माह नई तिथि तय कर फिर आमंत्रित किया जाएगा। फ्लाईओवर की सड़क फिनिशिंग में पाई गई कमियों को दुरुस्त कर इसे आमजन को सुरक्षित और बेहतर सुविधा के रूप में समर्पित किया जाएगा।

## कृषि महाविद्यालय में मनाया राष्ट्रीय मतदाता दिवस



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। कृषि महाविद्यालय में 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम मेरा भारत, मेरा मत विषयवस्तु एवं भारतीय लोकतंत्र के केंद्र में नागरिक सूत्रवाक्य के अंतर्गत संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में लोकतांत्रिक चेतना को मजबूत करना तथा मतदान के अधिकार के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। इस दौरान छात्र-छात्राओं को मतदाता शपथ दिलाई गई, जिसमें उन्होंने निष्पक्ष, निर्भीक एवं जिम्मेदार मतदान का संकल्प लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कृषि अधिष्ठाता डॉ. अनिल कुमार सिंह ने कहा कि लोकतंत्र की वास्तविक शक्ति जागरूक नागरिकों से आती है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे मतदान को केवल अधिकार नहीं, बल्कि संवैधानिक जिम्मेदारी समझें और समाज में भी इसके प्रति जागरूकता फैलाएं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मत देश की दिशा और विकास को तय करता है, इसलिए युवाओं की सक्रिय भागीदारी लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत करती है।

इस अवसर पर सहायक प्राध्यापक डॉ. अरुण साहू ने युवाओं की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि लोकतंत्र तभी सशक्त होगा जब युवा वर्ग अपने मताधिकार का जिम्मेदारी से प्रयोग करेगा। शिक्षण सहयोगी डॉ. विश्व दीपक चतुर्वेदी एवं डॉ. हिमांशु मिश्रा ने भी छात्रों को लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में सक्रिय सहभागिता के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का समापन जागरूक मतदाता बनकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के संकल्प के साथ किया गया।

## कलेक्ट्रेट पार्क में तिरंगा और सुंदरीकरण कार्य का लोकार्पण

लखीमपुर खीरी। गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर एमएलसी एवं प्रदेश महामंत्री भाजपा अनूप गुप्ता ने डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, सीडीओ अभिषेक कुमार, एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह के साथ पूरे विधि विधान से पूजन अर्चन कर




कलेक्ट्रेट के सामने पार्क में तिरंगा फहराने और सौंदर्यीकरण कार्य का लोकार्पण किया। यह परियोजना विधान मण्डल क्षेत्र विकास निधि वर्ष 2025-26 के अंतर्गत कार्यदायी संस्था ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग द्वारा तैयार की गई थी। एमएलसी एवं प्रदेश महामंत्री भाजपा अनूप गुप्ता ने कहा कि तिरंगा की स्थापना और सौंदर्यीकरण के माध्यम से यह स्थल नागरिकों के लिए एक प्रेरक और सौंदर्यपूर्ण सार्वजनिक स्थान के रूप में विकसित होगा। डीएम ने कहा कि पार्क का सौंदर्यीकरण और तिरंगा स्थापना न केवल जिले की नागरिक भावना को प्रोत्साहित करेगा, बल्कि गणतंत्र दिवस की गरिमा को और बढ़ाएगा। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट के अधिकारी, नागरिक उपस्थित रहे।

## खीरी इतिहास बोध पर नगर पालिका सभागार में हुई विचार गोष्ठी

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। नगर पालिका सभागार में गोकर्ण शोध कला एवं संस्कृति संस्थान के तत्वावधान में ह्लखीरी इतिहास बोधह्व विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में जनपद खीरी के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक परिदृश्य पर गहन चर्चा की गई। कार्यक्रम में नेताजी सुभाषचंद्र बोस के खीरी आगमन, गुमनामी बाबा से जुड़े ऐतिहासिक तथ्यों तथा



उनके खीरी क्षेत्र से संबंध पर विस्तार से विचार रखे गए। मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय राष्ट्रीय कला एवं सांस्कृतिक विरासत न्यास के अध्यक्ष एवं खैरीगढ़ राजवंश के युवराज मनुराज चैहान उपस्थित रहे। संस्थान के निदेशक विक्रांत सिंह परमार एवं प्रबंध निदेशक कमल नयन शुक्ल ने अपने वक्तव्यों में गोला गोकर्णनाथ क्षेत्र के ऐतिहासिक महत्व, गोकर्णनाथ धाम की प्राचीनता, खीरी जनपद में प्राप्त पुरातात्विक अवशेषों, प्राचीन मूर्तियों तथा नेताजी सुभाषचंद्र बोस एवं गुमनामी बाबा से जुड़े तथ्यों पर प्रकाश डाला। गोष्ठी में थारू जनजाति के इतिहास, सांस्कृतिक विरासत और सामाजिक योगदान पर भी चर्चा की गई। इसके साथ ही खीरी क्षेत्र के प्रमुख राजवंशोंकृखैरीगढ़, मितौलगढ़ के अहबन, ओयल के जनवार, कैमहरा व महेवा के चौहान, लखाही के राठौड़, झंडी, ईसानगर व धौरहरा के जांगड़ा चैहान तथा खीरी के प्राचीन बाच्छिल राजवंश के ऐतिहासिक योगदान की जानकारी साझा की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ चित्रकार राजेंद्र सोनी ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में एबीवीपी जिला संगठन मंत्री सत्यम दुबे, गोकर्ण फाउंडेशन के सचिव इं. मिलिंद शुक्ल, डॉ. सौरभ दीक्षित, डॉ. आदर्श दीक्षित, आयुष गुप्ता, अनिकेत अवस्थी, समर्थ जायसवाल सहित बड़ी संख्या में इतिहास प्रेमी एवं नगरवासी उपस्थित रहे।

## दिनदहाड़े शहर में दौड़ रहीं मिट्टी भरी ट्रालियां, प्रशासन बना मूकदर्शक



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। शहर में अवैध खनन का कारोबार खुलेआम फल-फूल रहा है, लेकिन जिम्मेदार विभाग आंख मूंदे बैठे हैं। दिन के उजाले में मिट्टी से भरी दर्जनों ट्रालियां बेखौफ शहर के भीतर से गुजर रही हैं, न पुलिस रोक रही है और न ही खनन विभाग की कोई सक्रियता दिखाई दे रही है।

नानक चैकी के ठीक सामने से मिट्टी भरी ट्रालियों का बेरोकटोक निकलना व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर रहा है। जहां चैबीसों घंटे पुलिस की तैनाती रहती है, वहीं से भारी वाहनों का निर्भय आवागमन इस बात की ओर इशारा करता है कि अवैध खनन बिना संरक्षण के संभव नहीं है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि खनन माफिया को पुलिस-प्रशासन का मौन समर्थन प्राप्त है। नियमों के अनुसार खनन कार्य और उसके परिवहन पर सख्त निगरानी होनी चाहिए, लेकिन हालात इसके ठीक उलट नजर आ रहे हैं। सुबह से शाम तक मिट्टी भरी ट्रालियां शहर की सड़कों पर दौड़ती रहती हैं, जिससे यातायात व्यवस्था चरमरा गई है और दुर्घटनाओं की आशंका बनी हुई है। शहर के भीतर भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध के बावजूद ट्रालियों का खुलेआम संचालन प्रशासनिक उदासीनता को उजागर करता है। लोगों का कहना है कि यदि प्रशासन चाहे तो एक भी ट्राली शहर में प्रवेश नहीं कर सकती, लेकिन कार्रवाई के नाम पर सिर्फ औपचारिकता निभाई जा रही है। अवैध खनन से जहां सरकार को भारी राजस्व हानि हो रही है, वहीं पर्यावरण को भी गंभीर नुकसान पहुंच रहा है। इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारी मौन साधे हुए हैं। नागरिकों ने जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि अवैध खनन पर तत्काल सख्त कार्रवाई की जाए, ट्रालियों को जब्त किया जाए और दोषियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाए। शहर में फल-फूल रहा यह अवैध कारोबार अब प्रशासनिक निष्क्रियता का प्रतीक बनता जा रहा है, जिससे आम जनता में गहरा रोष व्याप्त है।

## सरस्वती मेडिकल कॉलेज में राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन



नवाबगंज, उन्नाव। क्षेत्र स्थित सरस्वती मेडिकल कॉलेज में आज उत्तर प्रदेश दिवस एवं राष्ट्रीय मतदाता दिवस का संयुक्त आयोजन बड़े उत्साह और गरिमा के साथ किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के प्राचार्य डॉ० आर.एन. श्रीवास्तव ने दीप प्रज्वलन एवं उद्घाटन भाषण के साथ किया। मतदाता दिवस पर छात्र-छात्राओं एवं संकाय सदस्यों ने लोकतंत्र की मजबूती हेतु मतदान करने की शपथ ली। विद्यार्थियों ने मतदान के महत्व पर विशेष आख्यान प्रस्तुत किया, जिसमें लोकतांत्रिक अधिकारों और जिम्मेदारियों पर प्रकाश डाला गया। यूपी दिवस के अवसर पर छात्राओं ने कथक नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी। छात्रों ने आल्हा और सोहर जैसे पारंपरिक लोकगीतों का गायन कर उत्तर प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को जीवंत किया। विद्यार्थियों ने जनसाधारण के हित में प्राथमिक एवं उच्च चिकित्सा के सुदृढ़ीकरण पर वाद संवाद आयोजित किया। कार्यक्रम का संचालन डा० अंजलि गुप्ता ने कुशलता से किया। आयोजन अवधि में संस्थान के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा० श्वेतांक अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में चिकित्सक, संकाय सदस्य एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। यह आयोजन न केवल लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाने का माध्यम बना, बल्कि उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक विविधता और चिकित्सा क्षेत्र में जनहितकारी प्रयासों को भी उजागर करने में सफल रहा।

## तहसील में मतदाता दिवस पर शपथ दिलायी

पाटन, उन्नाव। तहसील बीघापुर मुख्यालय पाटन के राव राम बख्श सिंह सभागार मे रविवार को उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में मतदाता दिवस मनाया गया। उपजिलाधिकारी ने सभी को मतदाता दिवस पर शपथ दिलाई। रविवार को




मतदाता दिवस पर तहसील मुख्यालय के राव राम बख्श सिंह सभागार में मतदाता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए उपजिलाधिकारी रनवीर सिंह ने कहा कि हम सबका कर्तव्य है कि सभी को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रेरित करना है। जिससे स्वच्छ एवं जनभावनाओं की साफ सुथरी सरकार का गठन हो सके। 18 वर्ष से ऊपर का कोई भी व्यक्ति मतदाता बनने से छूटना नहीं चाहिए। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी ने उपस्थित सभी लोगों को मतदाता की शपथ भी दिलाई। अपनी जिम्मेदारी का बखूबी निर्वहन करने वाले तथा अच्छा कार्य कर रहे बीएलओ स्वदेश कुमार सोनी, चन्द्रशेखर, बिन्नो देवी, दीपक कुमार एवं सुपरवाइजर आशीष कुमार को उपजिला धिकारी ने सम्मानित किया।

## जिला कारागार अधीक्षक सम्मानित, प्रशंसा प्रमाण पत्र दिया

उन्नाव। गणतंत्र दिवस 2026 के पावन अवसर पर कारागार विभाग में उत्कृष्ट, अनुकरणीय एवं सराहनीय सेवाओं के लिए जिला कारागार उन्नाव के अधीक्षक पंकज कुमार सिंह को सम्मानित किया गया है। मुख्यालय, कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाएं, उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा जारी आदेश के क्रम में यह सम्मान उन्हें अपने दायित्वों का निष्ठा, ईमानदारी, कर्तव्यपरायणता एवं तत्परता के साथ निर्वहन करने के लिए प्रदान किया गया। महानिदेशक, कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाएं, उत्तर प्रदेश द्वारा पंकज कुमार सिंह को प्रशंसा प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। पत्र में बताया गया कि गणतंत्र दिवस 2026 के अवसर पर जिन कारागार अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा अपने उत्तरदायित्वों का पूर्ण निष्ठा के साथ निर्वहन करते हुए विभागीय कार्यों में उल्लेखनीय योगदान दिया गया, उन्हें यह सम्मान दिया जा रहा है। बताया गया कि पंकज कुमार सिंह के नेतृत्व में जिला कारागार में प्रशासनिक व्यवस्था, अनुशासन, बंदी कल्याण एवं सुधारात्मक गतिविधियों के संचालन में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिला है।

**लोक आयुक्त तथा उप लोक आयुक्त, उत्तर प्रदेश**

कुप्रशासन **प्रदेश को भ्रष्टाचार/कुप्रशासन मुक्त बनाने हेतु जनता से अपील** भ्रष्टाचार

उत्तर प्रदेश राज्य के समस्त लोक सेवक यथा माननीय मंत्रीगण/विधायकगण, नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायत के अध्यक्ष व अन्य अधिकारी, जिला पंचायत/क्षेत्र पंचायत तथा अन्य पंचायत के अध्यक्ष/अन्य अधिकारी तथा उत्तर प्रदेश राज्य द्वारा वित्त पोषित समस्त इकाईयाँ/संस्थान/प्राधिकरण, सोसाइटियों व परिषदों आदि से संबंधित भ्रष्टाचार/कदाचार/कुप्रशासन तथा सेवानिवृत्तिक देयकों से संबंधित शिकायतों की जॉच हेतु निम्न पते पर सम्पर्क करें–

पता:– टी0सी0–46/वी–1, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ–226010 अथवा पोस्ट बाक्स नम्बर–172, जी0पी0ओ0, लखनऊ, फैक्स नं0– (0522) 2306647
फोन नं0: (0522) 2306717, 2306160 (पी0बी0 एक्स),
Web site - www.lokayukta.up.nic.in, E-mail :- lokayukta@hotmail.com

**सचिव, लोक आयुक्त, उत्तर प्रदेश, लखनऊ**

## विशाल विश्व हिंदू सम्मेलन का आयोजन हजारों की संख्या में जुटा हिंदू समाज



पुरवा, उन्नाव। आदर्श नगर पंचायत मौरावा स्थित मोतेश्वर मंदिर परिसर में रविवार को एक विशाल विश्व हिंदू सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया।

सम्मेलन में हिंदू समाज की एकता, सनातन संस्कृति और राष्ट्र चेतना का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में हिंदू समाज के लोग उपस्थित रहे। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे कुंवर विवेक सेठ ने भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर नर नारायण सेवा संस्थान के अध्यक्ष विमल द्विवेदी विशेष रूप से मौजूद रहे। वक्ताओं ने कहा कि देश के मूल निवासी हिंदू हैं, जो प्राचीन काल से सनातन धर्म का सम्मानपूर्वक पालन करते आ रहे हैं। हिंदू समाज न केवल जीवों में बल्कि कण-कण में ईश्वर का दर्शन करता है। सनातन धर्म संस्कार, संस्कृति और समरसता का अनुपम संगम है। सम्मेलन के मुख्य वक्ता 108 श्री श्री नारायण गिरि जी महाराज (श्री शक्ति धाम आश्रम, अमिलाह, सिकंदरपुर कर्ण, उन्नाव) एवं लक्ष्मण आचार्य जी महाराज (श्री राम जानकी आश्रम, रामपुर सोहो) ने सनातन धर्म की महत्ता, हिंदू समाज की एकजुटता और सांस्कृतिक चेतना पर विस्तार से प्रकाश डाला। मातृशक्ति की ओर से बहन कल्पना ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अनुषांगिक संगठन हिंदू जागरण मंच के प्रांत मंत्री विमल द्विवेदी, हिलौली खंड के संघ चालक जयप्रकाश, खंड कार्यवाह मोनू, खंड प्रचारक निशांत, खंड के संपर्क प्रमुख अजय, मौरावा नगर के मुख्य शिक्षक लक्खा, बजरंग दल के प्रखंड संयोजक शुभम सिंह सहित संघ, बजरंग दल व हिंदू संगठनों के अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, गोण्डा वृत्त, लो.नि.वि., गोण्डा**

पत्रांक:- 323 /98काम-गो.वृ./25-26 दिनांक 20.01.2026

अल्पकालीन ई-निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल महोदय उ.प्र. की ओर से लोक निर्माण विभाग उ.प्र. में मार्ग हेतु पंजीकृत निविदादाताओ से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आंमत्रित की जाती है ।

| क्र. सं. | जनपद/ खण्ड/ विधान सभा का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (जीएसटी रहित) (लाख में) | धरोहर धनराशि (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य समस्त कर सहित (रू. में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित) | ठेकेदार की पंजीयन की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | गोण्डा/ निर्माण खण्ड-2 | कटरा भटपुरवा खेमपुर मार्ग से उर्दीगोण्डा सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य। | 71.90 | 5.60 | 2600.00 | 02 माह | ए |

बिड डाक्यूमेन्ट बेबसाईट- http://etender.up.nic.in पर दिनांक 28.01.2026 से0 05.02.2026 तक दोपहर 12.00 बजे तक उपलब्ध है जो कि दिनांक 05.02.2026 को दोपहर 12.00 बजे तक डाउनलोड/अपलोड किये जा सकते है। निविदाओ की तकनीकी बिड दिनांक 05.02.2026 को दोपहर 12.30 बजे खोली जायेगी।

निविदा से संबंधित नियम/शर्ते तथा विवरण बेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। पंजीकृत निविदादाता द्वारा जो विवरण ई-टेण्डरिंग, एन.आई.सी. की साइट पर अपलोड किया जाना है, वह लोक निर्माण विभाग की बेवसाईट www.uppwd.gov.in के प्रहरी सॉफ्टवेयर में भी अपलोड करना होगा। निविदा की अन्तिम तिथि दिनांक 05.02.2026 के दोपहर 12.00 बजे तक शुद्धिपत्र यदि कोई हो, तो उसे ई-पोर्टल पर अपलोड कर दिया जायेगा।

(विनोद कुमार त्रिपाठी)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड-2, लो.नि.वि., गोण्डा

(योगेन्द्र सिंह)
अधीक्षण अभियन्ता,
गोण्डा वृत्त, लो.नि.वि., गोण्डा

UPID-244637 Date: 23.01.26 Website : www.upgov.nic.in

संक्षेप

### चोरी की घटना का खुलासा, आरोपी गया जेल

प्रतापगढ़। सांगीपुर पुलिस ने चोरी की घटना का खुलासा करते हुए एक आरोपी को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। पुलिस के मुताबिक आरोपी के पास से चोरी गये पीतल के दो परात, हांडा व इकतालीस सौ रुपए नकद बरामद हुआ है। सांगीपुर थाना क्षेत्र के बबुरीगढ़ गौहानी में बीते वर्ष सत्ताइस दिसम्बर की रात चोरी की घटना हुई थी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर केस दर्ज किया। रविवार को थाने के दरोगा सुमित सिंह फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे। इस बीच चिचिहरा पुलिया तिराहे के समीप से घटना में पुलिस की जांच में आये आरोपी बबुरीगढ़ गौहानी निवासी रविप्रकाश पाण्डेय पुत्र स्व. हर्ष नारायण को पुलिस ने दबोच लिया। पुलिस का दावा है कि आरोपी के पास से चोरी का सामान बरामद हुआ है। पूछताछ के बाद पुलिस ने आरोपी रविप्रकाश को जेल भेज दिया।

### मनोरोगी लापता, दी गयी तहरीर

प्रतापगढ़। मनोरोगी के अचानक लापता होने से परेशान परिजनों ने अप्रिय घटना की आशंका में पुलिस को तहरीर दी है। लालगंज कोतवाली के फतेहशाहपुर सरायजानमती निवासी अमन सरोज पुत्र स्व. चन्द्रपाल ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि उसका भाई विपिन सरोज मनोरोगी है। बीती सोलह जनवरी को वह अचानक घर से निकला और लौटकर घर नहीं आया। पीड़ित ने भाई के साथ अप्रिय घटना का आशंका जताते हुए कार्यवाही के लिए पुलिस से फरियाद की है।

### अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का केस

प्रतापगढ़। दुर्घटना में युवक की मौत को लेकर लीलापुर पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के बासूपुर पौड़िया निवासी अशोक कुमार पुत्र गयाप्रसाद ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि बीती बीस जनवरी को सायं सात बजे उसका लड़का राजवंत (32) हण्डौर चैराहे पर सड़क पार कर रहा था। इसी समय प्रतापगढ़ की तरफ से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने उसके बेटे को टक्कर मार दी। दुर्घटना में घायल को इलाज के लिए परिजन लालगंज ट्रामा सेन्टर पहुंचे। यहां चिकित्सकों ने राजवन्त को मृत घोषित कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज किया है।

### पांच आरोपियों के खिलाफ मारपीट व धमकी का केस

प्रतापगढ़। रंजिशन मारपीट को लेकर लीलापुर पुलिस ने तीन नामजद तथा दो अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मारपीट व गाली गलौज तथा धमकी का केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के देवली साहबगंज निवासी राजेश कुमार यादव पुत्र कड़ेदीन यादव ने दी गयी तहरीर में कहा है कि बीती बाइस जनवरी को वह अपने घर में मौजूद था। रात करीब साढ़े नौ बजे रंजिश को लेकर उसका भाई मुकेश यादव तथा पत्नी गीता व पुत्री अन्नू एवं दो अज्ञात लोगों ने घर के सामने पहुंचकर गाली गलौज शुरू की। मना करने पर आरोपियों ने उसके साथ मारपीट करते हुए जानलेवा धमकी दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी मुकेश समेत पांच के खिलाफ केस दर्ज किया है।

### ससुरालीजनों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा

प्रतापगढ़। दहेज उत्पीड़न को लेकर पीड़िता की तहरीर पर ससुराली जनों के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज किया है। उदयपुर थाना क्षेत्र के आमीशंकरपुर निवासी नेहा गौतम पुत्री रामसुख ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि उसका विवाह वर्ष 2023 में चैबीस नवम्बर को रायबरेली जिले के छतोह थाना नसीराबाद में भरत पुत्र रामबरन के साथ हुई। पीड़िता का कहना है कि शादी के बाद दहेज को लेकर ससुरालीजन उसे परेशान करने लगे। तहरीर में कहा गया है कि बीती बाइस जनवरी को रात्रि लगभग दस बजे दहेज की मांग को लेकर पति भरत ससुर रामबरन व सास शान्ति देवी ने उसके साथ मारपीट की। ससुरालीजनों ने पीड़िता को दहेज की मांग पूरी न होने तक घर से जबरिया निकाल दिया। पीड़िता ने मायके पहुंचकर आपबीती सुनाई। पीड़िता की तहरीर पर उदयपुर पुलिस ने पति भरत समेत तीन आरोपियों के खिलाफ दहेज उत्पीड़िन का केस दर्ज किया है।

# रंगोली बनाकर मतदाताओं को किया जागरूक



गोला, गोरखपुर। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर रविवार को गोला तहसील मुख्यालय से मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली का नेतृत्व उपजिलाधिकारी गोला अमित कुमार जायसवाल ने किया। इस मौके पर उपजिलाधिकारी ने सर्वप्रथम छात्र छात्राओं एवं उपस्थित लोगों को मतदान की शपथ दिलाई।

एलपीएम स्कूल के छात्र छात्राओं द्वारा तहसील परिसर और चौराहों पर मतदाता जागरूकता रंगोली बनाकर मतदाताओं को जागरूक किया गया था। जो आकर्षण का केंद्र रहा। तत्पश्चात रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उपजिलाधिकारी श्री जायसवाल ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय मताता दिलस का उद्देश्य नागरिकों को मतदान के प्रति जागरूक करना है, ताकि लोकतंत्र की नींव और अधिक मजबूत हो सके। उन्होंने छात्र-छात्राओं अधिवक्ताओं एवं आम नागरिकों से अपील की कि वे स्वयं मतदान करें और अपने आसपास के लोगों को भी मतदान के दिन बूथ पर जाकर वोट डालने के लिए प्रेरित करें।

शपथ ग्रहण के उपरांत मतदाता जागरूकता रैली तहसील परिसर से प्रारंभ होकर तहसील चौराहा बेवरी चौराहा पहुँची जहा बच्चों द्वारा मतदान के महत्व पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। रैली में एलपीएम पब्लिक स्कूल के छात्र ?छात्राएं हाथों में तख्तियाँ लिए हुए थे जिन पर लोकतंत्र का एक आधार मतदान सबका अधिकार सब काम छोड़ दो पहले वोट दो भैया भाभी भूल न जाना मतदान करने जरूर जाना जैसे प्रेरणादायी नारे लिखे हुए थे। इस अवसर पर तहसीलदार सत्येन्द्र मौर्य नायब तहसीलदार रमाकांत चौहान व जय प्रकाश यादव कोतवाल राकेश रोशन सिंह एलपीएम पब्लिक स्कूल के प्रबंध निदेशक अमरनाथ वर्मा अनूप कुमार सिंह मनीष यादव उपेन्द्र कुमार राजेश यादव राजन मिश्र अनुश्री रिया जिकरा सौम्या रितू सहित स्कूल के शिक्षक एवं अधिक संख्या में छात्र छात्राएं शामिल रहें।

# डीएम ने सिद्धार्थनगर महोत्सव की तैयारियों का लिया जायजा



सिद्धार्थनगर। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने जनपद में 28 जनवरी से 01 फरवरी, 2026 तक बीएसए ग्राउण्ड मे आयोजित होने वाले सिद्धार्थनगर महोत्सव-2026 की तैयारियों का जायजा लिया गया। दौरान निरीक्षण जिलाधिकारी ने महोत्सव की तैयारियों, पार्किंग व्यवस्था, यातायात व्यवस्था, शांति व्यवस्था हेतु लगाये जाने वाले पुलिस बल इत्यादि की समीक्षा करते हुए संबंधित को आवश्यक निर्देश दिये गये। बाद उसके जिलाधिकारी ने रेस्ट हाउस पर भी पार्किग व्यवस्था स्थल का निरीक्षण किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी के साथ ज्वाइन्ट मजिस्ट्रेट आयुष अग्रवाल, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) गौरव श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) ज्ञान प्रकाश, प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर, सहित अन्य अधिकारी व तमाम कर्मचारी मौजूद रहे।

# चोरी की घटना का खुलासा, 2 अभियुक्त गिरफ्तार



**इंटवा सिद्धार्थनगर।** थाना इटवा पुलिस व सर्विलांस टीम ने थाना क्षेत्र इटवा में घटित चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए 02 अभियुक्तगण को गिरफ्तार किया करते हुए अभियुक्तगण के कब्जे से चोरी का लगभग 3,00,000/- नकद बरामद किया गया। गत 21/22.01.2026 की रात्रि में गालापुर मन्दिर की दानपेटी से अज्ञात चोरों द्वारा ताला तोड़कर चोरी की घटना कारित की गई थी। जिसके संबन्ध में थाना इटवा पर मु0अ0सं0 15/2026 धारा 303(2), 334(1) बीएनएस पंजीकृत किया गया था। डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद के भिन्न-भिन्न थानाक्षेत्रों में घटित हो रही नकबजनी/चोरी की घटनाओं के अनावरण व अभियुक्तों की गिरफ्तारी के संबन्ध में चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत, प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण में, पवीन प्रकाश क्षेत्राधिकारी इटवा के कुशल निर्देशन में, रवीन्द्र सिंह प्रभारी निरीक्षक इटवा के नेतृत्व में 25.01.2026 को थाना इटवा पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत उपर्युक्त मुकदमा से सम्बन्धित 02 नफर अभियुक्तगण को ग्राम लटेरा थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर से गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी का लगभग 3,00,000/- नगद बरामद किया गया तथा गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर उपरोक्त मुकदमा में धारा 317(2) बीएनएस की बढोत्तरी कर अन्य विधिक कार्यवाही हेतु माननीय न्यायालय भेजा गया।

### महिलाओं बालिकाओं को जागरूक किया

इटावा। थाना फ्रेंड्स कॉलोनी पर गठित महिला मिशन शक्ति टीम द्वारा थाना फ्रेंड्स कॉलोनी क्षेत्रान्तर्गत जाकर महिलाओं व बालिकाओं को मिशन शक्ति के तहत पंपलेट वितरण किया गया व हेल्पलाइन, साइबर क्राइम नंबरों के बारे में जागरूक करते हुए महिलाओं बालिकाओं को सुरक्षा और स्वास्थ्य जागरूकता के विषय में जानकारी दी। इस दौरान उन्हें महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर एवं सरकारी योजनाओं के बारे में बताया गया। पुलिस आपातकालीन सेवा 112 स्वास्थ्य सेवा, एंबुलेंस 102, 108 वीमेन पावर लाइन 1090 चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 वीमेन हेल्पलाइन 181 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 गैस रिसाव हेल्पलाइन 1906 उपभोक्ता अधिकार 1915 की जानकारी दी।

# शांतिपूर्ण माहौल में मनायें त्योहार



सिद्धार्थनगर। थानाध्यक्ष पथरा बाजार अमित कुमार ने अगामी त्यौहार शव-ए-बारात व महाशिवरात्रि, होली को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु थानाक्षेत्र के दोनो सम्प्रदाय के धर्मगुरूओ व सम्भान्त व्यक्तियो के साथ पीस कमेटी की मीटिग की गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में, प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में, बृजेश कुमार वर्मा क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज के पर्वेक्षण में थानाध्यक्ष अमित कुमार द्वारा 25.01.2026 को थाना स्थानीय पर आगामी त्यौहार, शब झए झ बारात व महाशिवरात्रि के द्दष्टिगत के संबंध में पीस कमेटी की मीटिंग आयोजित की गई तथा त्यौहार को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु थाना क्षेत्र के भिन्न भिन्न ग्रामो के धर्मगुरुओ, मौलवियों ,ग्राम प्रधान, सम्भ्रान्त व्यक्तियों से त्यौहार में कमेटी के अध्यक्ष व सदस्यो की बैठक की गयी/ सभी को शान्तिपूर्ण, सौहार्दपूर्वक, त्यौहार को मनाये जाने की अपील की गयी। बैठक में मौजूद सभी व्यक्तियों से त्यौहार के द्दष्टिगत शासन द्वारा / उच्चाधिकारीगण द्वारा प्राप्त गाइडलाइन से अवगत कराया गया। सभी धर्मगुरुओं व कमेटी के अध्यक्ष व सदस्यों को उनके जिम्मेदारियों से अवगत कराया गया। शान्ति व्यवस्था को मुख्य रुप से विषय वस्तु बनाकर विस्तृत चर्चा किया गया तथा आदेशझनिर्देश से अवगत कराया गया।

# पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न



बांसी सिद्धार्थनगर क्षेत्राधिकारी बांसी रोहिनी यादव की अध्यक्षता व थानाध्यक्ष अनूप मिश्रा की उपस्थिति में खेसरहा थाने पर अगामी त्यौहार शव-ए-बारात व महाशिवरात्रि, होली को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु थानाक्षेत्र के दोनो सम्प्रदाय के धर्मगुरूओ व सम्भान्त व्यक्तियो के साथ पीस कमेटी की मीटिग की गयी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन व सुश्री रोहिनी यादव क्षेत्राधिकारी बाँसी द्वारा थाना खेसरहा पर 25.01.2026 को त्यौहार शव-ए-बारात व महाशिवरात्रि, होली को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु थानाक्षेत्र के दोनो सम्प्रदाय के धर्मगुरूओ व सम्भ्रान्त व्यक्तियो के साथ पीस कमेटी की मीटिंग की गयी तथा उच्च अधिकारीगणों द्वारा दिये गये आदेशो निदेशो से सभी को अवगत कराया गया। इस दौरान अनूप कुमार मिश्र थानाध्यक्ष थाना खेसरहा सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी सहित गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# होमस्टे नीति कार्यक्रम में खाली रहीं कुर्सियां



**कटरा श्रावस्ती।** जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद श्रावस्ती द्वारा राही पर्यटक आवास गृह, श्रावस्ती में बेड एंड ब्रेकफास्ट एवं होमस्टे नीति 2025 को लेकर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ मुख्य अतिथि पूर्व सांसद एवं अध्यक्ष जिला पंचायत श्रावस्ती दद्दन मिश्रा द्वारा किया गया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी इकौना, जिला पर्यटन अधिकारी तथा संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य जिले में पर्यटन को बढ़ावा देना, स्थानीय लोगों को स्वरोजगार से जोड़ना तथा होमस्टे व्यवस्था के माध्यम से जनपद की सांस्कृतिक और पर्यटन संभावनाओं को सशक्त बनाना था। अधिकारियों द्वारा योजना की विशेषताओं, लाभों और आवेदन प्रक्रिया की जानकारी दी गई। हालांकि, प्रचार-प्रसार की कमी के चलते कार्यक्रम में अपेक्षित भीड़ नहीं जुट सकी। आयोजन स्थल पर लगी अधिकांश कुर्सियां खाली रहीं। कार्यक्रम में केवल कुछ बौद्ध मठों के मठाधीश, होटल प्रबंधक और मैनेजर ही उपस्थित दिखाई दिए। आमजन और पर्यटन से जुड़े अन्य हितधारकों की अनुपस्थिति स्पष्ट रूप से नजर आई। खाली कुर्सियों को देखकर मुख्य अतिथि दद्दन मिश्रा ने असंतोष व्यक्त किया और कुछ ही देर बाद कार्यक्रम स्थल से वापस निकल गए। वहीं उप जिलाधिकारी इकौना भी इस स्थिति से प्रसन्नचित नहीं दिखे। आयोजन की यह स्थिति विभागीय समन्वय और जनसंपर्क व्यवस्था पर सवाल खड़े करती है। इस दौरान अशोक कुमार शाक्य, रामचंद्र यादव सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# सभी लोग चुनाव में मतदान जरूर करें

## राज्य कर्मियों को दिलायी मतदान करने की शपथ




**बांसी सिद्धार्थनगर।** जिले के तहसील बांसी के एसडीएम निखिल चक्रवर्ती ने गत रविवार राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर तहसील सभागार में गोष्ठी आयोजित कर तहसील कर्मियों को मतदान करने की शपथ दिलायी गयी। गोष्ठी को संबोधित करते हुए एसडीएम बांसी निखिल चक्रवर्ती ने सम्बोधित करते हुए कहा कि सभी लोग चुनाव में मतदान जरूर करे। उन्होंने कहा कि एस आई आर चल रहा है। इस दौरान जो भी छूटे मतदाता है या जो लोग 18 वर्ष की आयु पूरा कर चुके है और अभी मतदाता नहीं है वह फार्म 6 भरकर अपने बी 0एल0 ओ0 को फार्म सौंप देवे, एसडीएम बांसी ने सभी लोगों से अपील करते हुए कहा कि कोई भी व्यक्ति मतदाता बनने से वंचित न रहे इसका जरूर ध्यान दे। गोष्ठी के अंत में एसडीएम निखिल चक्रवर्ती ने मतदान करने हेतु सभी का आवाहन करते हुए जागरूक किया तथा लोगों को भी मतदान करने के लिए शपथ दिलाया गया। इस अवसर पर तहसीलदार बांसी पियूष कुमार श्रीवास्तव, नायब तहसीलदार चंद्र प्रकाश श्रीवास्तव, नायब तहसीलदार महबूब आलम व अन्य अधिकारी सहित तमाम कर्मचारी आदि मौजूद रहे।

### मिशन शक्ति केन्द्र का किया आकस्मिक निरीक्षण

बांसी सिद्धार्थनगर। जिले की पुलिस क्षेत्राधिकारी बांसी रोहिनी यादव ने गत रविवार को खेसरहा थाने पर स्थापित साइबर सेल व मिशन शक्ति केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण किया गया ,तथा एनसीआरपी पोर्टल व विभिन्न अभिलेखों/रजिस्टरों की गहन जांच कर उनके अद्यतन रख-रखाव के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ 0 अभिषेक महाजन के आदेश के क्रम में व अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कु0 प्रसाद के निर्देशन में व सुश्री रोहिनी यादव क्षेत्राधिकारी बांसी ने उक्त खेसरहा थाने पर स्थापित साइबर सेल व मिशन शक्ति केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण किया गया इसके साथ ठउफ्द्ध पोर्टल व विभिन्न अभिलेखों/रजिस्टरों की गहन जांच करते हुए उनके अद्यतन रख-रखाव के सम्बन्ध में भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।

# मुजहनिया में विधायक के हाथों कंबल वितरण




**इकौना श्रावस्ती।** श्रावस्ती विधायक पंडित राम फेरन पाण्डेय इकौना विकासखंड की ग्राम पंचायत मुजहनिया में आयोजित कंबल वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। ग्राम प्रधान अगनू राम द्वारा आयोजित इस पुनीत, कल्याणकारी और जनहितकारी कार्यक्रम में विधायक ने जरूरतमंद, वंचित और असहाय ग्रामीणों को कंबल वितरित किए। इस अवसर पर विधायक पंडित राम फेरन पाण्डेय ने कहा कि सेवा, संवेदना, सहयोग, करुणा और मानवीयता से परिपूर्ण ऐसे प्रेरणादायी कार्य समाज को नई दिशा, ऊर्जा और सकारात्मकता प्रदान करते हैं। कंबल पाकर ग्रामीणों के चेहरों पर आई मुस्कान उनके लिए सबसे बड़ी प्रेरणा है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के सामाजिक, सराहनीय, लोककल्याणकारी प्रयास आपसी भाईचारे, सौहार्द, समरसता और मानवीय मूल्यों को मजबूती प्रदान करते हैं। कार्यक्रम में ग्रामीणों ने आयोजन के लिए ग्राम प्रधान का आभार व्यक्त करते हुए विधायक के प्रति विश्वास और आदर प्रकट किया। इस पुनीत अवसर पर पी आर ओ बिन्नु तिवारी,मंडल अध्यक्ष मनोज दुबे,सेक्टर संयोजक कमल त्रिपाठी,प्रधान अरविंद शुक्ला वा क्षेत्र के तमाम गणमान्य वा क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर लिया गया सामूहिक संकल्प, जागरूकता पर जोर



प्रतापगढ़। राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर स्थानीय तहसील सभागार में जागरूक मतदाता का सामूहिक संकल्प लिया गया। एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा ने मौजूद लोगों को निष्पक्ष मतदान के लिए जागरूक होने का सामूहिक संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि मतदान लोकतंत्र में नागरिक का सबसे बड़ा अधिकार और कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि इस समय एसआईआर की प्रक्रिया में पूरी ईमानदारी से पात्र लोगों को मतदाता बनने का सुगम अवसर हासिल है। उन्होंने कहा कि अभियान को निष्पक्षता व पारदर्शिता से संचालित किया जायेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता तहसीलदार गरिमा वर्मा व संचालन निर्वाचन पटल के सहायक सुरेश यादव ने किया। इस मौके पर नायब तहसीलदार पंकज कुमार, नायब तहसीलदार वीरेन्द्र कुमार, रामचंद्र त्रिपाठी, प्रदीप सिंह, धर्मराज, केके सरोज आदि मौजूद रहे। इसी तरह प्राथमिक विद्यालय पूरे कला में भी राष्ट्रीय मतदाता जागरूकता अभियान के तहत सामूहिक शपथग्रहण हुआ। यहां कार्यक्रम का संयोजन खण्ड शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार सिंह ने किया। इस मौके पर योगेश कुमार शुक्ल, आकाश मिश्र आदि रहे।

### दुकान में अचानक हुई आगजनी, लाखों का हुआ नुकसान



प्रतापगढ़। कोतवाली क्षेत्र के कटरा नहर स्थित मनोज गारमेंट में बीती रात करीब 12 बजे संदिग्ध परिस्थितियों में भीषण आग लग गई। आग इतनी तेज थी कि दुकान में रखा लगभग दस लाख रुपये की कीमत का कपड़ा और साड़ियां जलकर राख हो गईं। पुरवारा भगवानदीन का पुरवा निवासी मनोज पटेल पुत्र कैलास पटेल ने कटरा नहर रोड पर दुकान खोल रखी है। शनिवार की देर रात उसकी दुकान में अचानक आग फैल गयी। आस पास के लोग दुकान में आगजनी देखकर चीख पड़े। घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। दुकान में रखा लाखों का सामान जलकर राख हो चुका था। आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### डीएम, एसपी, व सीडीओ ने दी गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं



श्रावस्ती। 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय ने जनपदवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वर्ष 26 जनवरी को मनाया जाने वाला गणतंत्र दिवस हम सभी भारतीयों के लिए गौरव और आत्मसम्मान का प्रतीक है। यह वही ऐतिहासिक दिन है, जब देश में संविधान लागू हुआ और भारत एक संप्रभु, समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष एवं लोकतांत्रिक गणराज्य बना। जिलाधिकारी ने कहा कि स्वतंत्रता के बाद संविधान ने देश को एक मजबूत आधार प्रदान किया है। हमें इसके मूल्यों को आत्मसात करते हुए एकता, अखंडता और भाईचारे को बनाए रखने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने जनपदवासियों से आह्वान किया कि इस पावन अवसर पर सभी मिलकर एक सशक्त, विकसित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अपनी सहभागिता निभाएं। इसके अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी ने भी गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कानून-व्यवस्था, सुरक्षा और शांति बनाए रखना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। वहीं मुख्य विकास अधिकारी शाहिद अहमद ने जनपदवासियों को बधाई देते हुए विकास कार्यों में सहयोग की अपील की और कहा कि जनसहभागिता से ही जिले और प्रदेश का समग्र विकास होगा।

### मुख्यमंत्री ने छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत छात्रों को दिया प्रमाण पत्र

श्रावस्ती। पूर्वदशम एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में पात्र छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति की धनराशि उनके आधार सीडेड बैंक खातों में अंतरित किए जाने के क्रम में शनिवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, लखनऊ में छात्रवृत्ति वितरण कार्यक्रम का तृतीय चरण आयोजित किया गया। कार्यक्रम में माननीय मुख्यमंत्री जी के कर कमलों से छात्रवृत्ति स्वीकृति प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। राज्य स्तरीय इस मुख्य कार्यक्रम का सजीव प्रसारण जनपद श्रावस्ती सहित सभी संबंधित जिलों में किया गया। जनपद के उन विद्यालयों एवं शिक्षण संस्थानों, जिनके छात्र-छात्राओं को सामान्य वर्ग, अनुसूचित जाति एवं जनजाति, अल्पसंख्यक वर्ग तथा पिछड़ा वर्ग के अंतर्गत छात्रवृत्ति दी जानी है, वहां लाइव टेलीकास्ट देखने की समुचित व्यवस्था की गई। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज भिनगा में आयोजित कार्यक्रम में जिला समाज कल्याण अधिकारी डॉ. अमरनाथ यति, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी श्री देवेंद्र राम एवं जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

### इंडो-नेपाल सीमा पर पुलिस-एसएसबी की संयुक्त गश्त

श्रावस्ती। आगामी गणतंत्र दिवस के द्दष्टिगत जनपद श्रावस्ती की इंडो-नेपाल सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत कर दिया गया है। पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के निर्देशन में पुलिस एवं सशस्त्र सीमा बल द्वारा सीमावर्ती इलाकों में संयुक्त पेट्रोलिंग एवं सतर्क निगरानी की जा रही है। इसी क्रम में थाना मल्हीपुर पुलिस व एसएसबी द्वारा इंडो-नेपाल सीमा से सटे ग्राम असनाहरिया, तिकोनी मोड़ व ककरदरी क्षेत्र में गश्त की गई, जबकि थाना सिरसिया पुलिस द्वारा सुइया बॉर्डर पर संयुक्त पेट्रोलिंग की गई। इस दौरान सीमा क्षेत्र में आने-जाने वाले व्यक्तियों पर पैनी नजर रखी गई, संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की गई तथा पहचान पत्रों की जांच की गई। साथ ही किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि पर विशेष निगरानी रखी गई। संयुक्त पेट्रोलिंग का उद्देश्य सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखना, अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाना तथा आमजन में सुरक्षा की भावना को मजबूत करना है। श्रावस्ती पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल नजदीकी पुलिस इकाई या डायल 112 पर दें।

### शादी के उदेश्य से नाबालिग किशोरी का अपहरण

ऊसराहार, इटावा। थाना क्षेत्र के एक गांव मे सत्रह वर्षीय किशोरी 19 जनवरी को घर पर अकेली थी माता पिता खेतो पर काम करने गए थे उसी समय रोहित नाम के युवक ने किशोरी को बहला फुसला कर अपहरण कर लिया। किशोरी अपने साथ 47 हजार रूपए चांदी की पायल करधनी व सोने की जंजीर भी साथ ले गई पीडित पिता ने बताया उसने बेटी को काफी खोजने की कोशिश की सफलता नही मिलने पर पुलिस को सूचना दी है। थानाध्यक्ष बलराज भाटी ने बताया प्रर्थना पत्र के आधार पर मुकद्दमा दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।

# वैश्विक चुनौतियां

गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र के नाम अपने पारंपरिक संबोधन में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने जो कुछ कहा, वह दरअसल दिनोंदिन प्रगति के पथ पर आगे बढ़ते हुए महाशक्ति बनने की दिशा में अग्रसर राष्ट्र की आकांक्षाओं का प्रतीक है। आज भारत न सिर्फ दुनिया में तेजी से बढ़ती हुई आर्थिक महाशक्ति है बल्कि वैश्विक चुनौतियों और वैश्विक व्यवस्था में उथल-पुथल के बीच नयी संभावनाओं के साथ नये दोस्त भी तलाश रहा है। गणतंत्र दिवस पर यूरोपीय यूनियन के पदाधिकारियों का मुख्य अतिथि होना हमारी इसी महत्वाकांक्षा को स्पष्ट करता है। एक गणतंत्र के रूप में भारत की साढ़े सात दशक की यात्रा निश्चय ही अनेक चुनौतियों और टेढ़े-मेडे रास्तों से होकर गुजरी है, लेकिन हर दिन जिस तरह हमारी लोकतांत्रिक आस्था और संविधान के प्रति नागरिकों का भरोसा मजबूत हुआ है, उससे भारतीय गणतंत्र की पूरी दुनिया में तारीफ हो रही है। आजादी के बाद न सिर्फ चुनावों के जरिए निरंतर सरकार चुनने का क्रम संविधान की प्रतिबद्धताओं के अनुसार चलता रहा है बल्कि हमारे संविधान ने एक समावेशी लोकतंत्र का मॉडल भी विकसित किया है जिसमें महिलाओं, दलितों, अल्पसंख्यकों, जनजातीयों आदि सभी वर्गों के लिए सत्ता और लोकतंत्र में समान भागीदारी को सुनिश्चित किया है। दुनिया के सबसे बड़े गणतंत्र की मुखिया और देश की राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपदी मुर्मू स्वयं हमारे समावेशी लोकतंत्र की सबसे बेहतरीन उदाहरण हैं। राष्ट्रपति ने भारत की इन्हीं अंतर्निहित शक्तियों को राष्ट्र के नाम अपने पारंपरिक संबोधन में देश के सामने रखा है। श्रीमती द्रोपदी मुर्मु ने भारत की विविधताओं की चर्चा



करते हुए राष्ट्रीय एकता के उस सूत्र को रेखांकित किया जो इतने बड़े देश को एक सूत्र में पिरोने का काम करती है। दरअसल हमारी विविधता ही एकता की सबसे बड़ी शक्ति बन गयी है। भाषायी विविधता, अनेक धर्मों का उद्गम और उनमें आस्था रखने वाले करोड़ों लोग, लोगों के विचारों, मान्यताओं, रीति-रिवाज और परंपराओं में इतनी विविधताओं के बावजूद यह राष्ट्रीय एकता में बाधा नहीं बनी। हमारे संविधान ने इन विविधताओं को सहेजते हुए भारतीयों के भाग्य विधाता के रूप में सरकार को निर्देशित किया है कि हरेक व्यक्ति की आस्था, पूजा पद्धति, भाषा, संस्कृति और सरोकारों का संरक्षण किया जाये। सबको सहेजते हुए और अपनी भाषा, संस्कृति और विविधताओं पर गर्व करते हुए देश आजादी के बाद से ही आगे बढ़ रहा है। गरीब और अशिक्षित देश के रूप में अपने गणतंत्र की यात्रा शुरू करने वाला देश न सिर्फ दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है बल्कि तमाम चीजों में आज भारत की गिनती दुनिया के चुनिंदा देशों में होती है। कंप्यूटर आधुनिक दुनिया की लाइफलाइन बन गया है, लेकिन अमरीका के जिस सिलिकॉन वैली में दुनिया का सॉफ्टवेयर उद्योग केन्द्रित है, वहां सबसे अधिक इंजीनियर्स भारतीय ही हैं। मौसम की सटीक भविष्यवाणी, टेलीकॉम और ब्रॉडकॉस्टिंग को नयी ऊंचाइयों पर पहुंचाने वाले अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में आज भारत चोटी के देशो में शमिल है। भारत हमेशा विदेशी हमलावरों के निशाने पर रहा है। आजादी के बाद भी देश पर अनेक हमले हुए लेकिन इन झंझावातों को सहते हुए और दुश्मनों की साजिशों को कुचलते हुए भारत दुनिया का चौथा सबसे बड़ा सैन्य सामर्थ्य वाला देश भी बन गया है। जैसे-जैसे हम वैश्विक स्तर पर महाशक्ति के रूप में उभर रहे हैं, तो हमारे कूटनीतिक संबंधों में व्यापक बदलाव और चुनौतियां पेश आ रही हैं। मसलन एकध्रुवीय विश्व व्यवस्था का झंडाबरदार अमरीका यह नहीं चाहता है कि दुनिया बहुध्रुवीय बने और भारत भी उसमें एक महाशक्ति हो। इसलिए हमारे ऊपर तमाम प्रतिबंध लगाये जा रहे हैं, हमें रोकने के लिए अनेक स्तरों पर साजिशें हो रही हैं। देश को इससे सावधान रहते हुए। चुनौतियों का सामना करते हुए लगातार आगे बढ़ते रहना है। यही साम्राज्यवादियों को भारत का सबसे करारा व बेहतर जवाब होगा।

# गणतंत्र में आधी दुनिया की बढ़ती भागीदारी



मनोज बाजपेयी

भारत आज अपना 77वां गणतंत्र दिवस मना रहा है। इस वर्ष जब विश्व-व्यवस्था में उथल-पुथल है। दुनिया में नये सिरे से वर्ल्ड ऑर्डर विकसित हो रहा है और अमरीकी एकाधिकार को चुनौती मिल रही है, तब गणतंत्र दिवस के मुख्य अतिथि के रूप में यूरोपीय कमीशन की चेयरमैन उर्सुला वॉन डेर का नयी दिल्ली में होना, यह बताता है कि भारत नयी विश्व व्यवस्था में एक महाशक्ति के रूप में अपना मुकाम तलाश रहा है। हम विकसित भारत बनने के लिए अपने संपूर्ण शक्ति से प्रयास कर रहे हैं। नागरिकों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने, युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए पूरे सामर्थ्य से जुटे हैं। तब यह भी महत्वपूर्ण हो जाता है कि 76 वर्षों की गणतांत्रिक यात्रा में देश आधी दुनिया को आगे लाने के लिए, सत्ता, शासन-प्रशासन, खेल, राजनीति जैसे तमाम क्षेत्रों में महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए किस हद तक सफल हुआ, इस पर भी चर्चा करें। यह विषय तब और मौजू हो जाता है एक बनवासी की बेटी राष्ट्र की मुखिया के रूप में हमारे गणतंत्र की शोभा बढ़ रही है। एक गणतंत्र के रूप में हमने 76 साल पूरे कर लिए हैं। 26 जनवरी 1950 को देश में संविधान लागू हुआ था, तब से लेकर अब तक यानी पिछले 75 सालों में भारतीय महिलाएं बहुत सशक्त हुई हैं। भले उन्हें अभी कई क्षेत्रों में पुरुषों से मुकाबला करना भारी पड़ता हो, लेकिन इन 75 सालों में कई क्षेत्रों में महिलाएं पुरुषों से भी आगे निकली हैं। लेकिन यह सब एक दिन या एक झटके में नहीं हुआ। भारत के स्वाधीन गणतंत्र बनने के बाद महिलाओं को एक के बाद एक मिले संवैधानिक अधिकारों से यह सब संभव हुआ है वर्ना तो सदियों से भारतीय महिलाओं की कहानी यही थी- अबला जीवन हाय तुम्हारी यही कहानी। आंचल में दूध और आंखों में पानी।। पिछले 76 सालों में मिले संवैधानिक अधिकारों की सीढ़ी दर सीढ़ी चढ़कर आज कोई ऐसा क्षेत्र नहीं है, जहां महिलाएं पुरुषों से कंधे से कंधा मिलाकर न चल रही हों। भारत के साथ या उसके आगे पीछे दुनिया के दो दर्जन देश अलग अलग तरह की गुलामियों से मुक्त हुए थे। लेकिन भारतीय महिलाओं जैसी सशक्त स्थिति इस दौरान स्वतंत्र

> जब हम अपने नागरिकों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने, गरीबी खत्म करने, युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए पूरे सामर्थ्य से जुटे हैं। तब यह भी महत्वपूर्ण है कि 76 वर्षों की गणतांत्रिक यात्रा में देश आधी दुनिया को आगे लाने के लिए, सत्ता, शासन-प्रशासन, खेल, व्यवसाय, शिक्षा, राजनीति जैसे तमाम क्षेत्रों में महिलाओं को आगे बढ़ाने में किस हद तक सफल हुआ, इस पर भी चर्चा करें।



हुए किसी भी दूसरे देश की महिलाओं की नहीं है। इसलिए भारतीय महिलाओं की इस स्थिति का सबसे बड़ा आधार भारतीय संविधान है, जो कि दुनिया के सबसे ताकतवर और व्यापक संविधानों में से एक है। विशेषकर महिलाओं के अधिकारों की दृष्टि से। भारतीय संविधान में महिलाओं को विशेष सुरक्षा और समानता प्रदान करने वाले कई ऐसे प्रावधान हैं, जिनकी वजह से भारतीय गणतंत्र के पिछले 76 सालों में महिलाओं ने भरपूर उन्नति की है। ऐसे कुछ अधिकारों को हम एक नजर में देख सकते हैं।

**गणतंत्र दिवस**

**समानता का अधिकारः** 26 जनवरी 1950 के पहले भारतवर्ष के पिछले कई सौ सालों के इतिहास में महिलाओं को पुरुषों जैसी समानता नहीं मिली थी। लेकिन 26 जनवरी 1950 को भारत का जो संविधान लागू हुआ उसके अनुच्छेद 14, 15 और 16 के तहत भारतीय महिलाओं को पहली बार पिछले एक हजार सालों में पुरुषों से समानता हासिल हुई है। उदाहरण के लिए सदियों से महिलाओं और पुरुषों के समान काम का समान वेतन नहीं मिलता था। लेकिन भारतीय संविधान ने समान वेतन अधिनियम लागू करने के बाद महिलाओं और पुरुषों को समान काम के लिए समान वेतन वैधानिक रूप से सुनिश्चित हो गया, व्यवहार में भले आज भी महिलाओं के साथ कई तरह के भेदभाव किये जाते हों, जिसमें पुरुषों के समान वेतन का अधिकार भी शामिल है, लेकिन व्यवहार में भारतीय संविधान से महिलाओं को मिली यह बराबरी की बहुत बड़ी ताकत है। यही वजह है कि आज कम से कम सरकारी नौकरियों में कानून की नजरों में भारतीय पुरुष और भारतीय महिलाएं एक समान हैं।

भारतीय संविधान का अनुच्छेद 15 (3) राज्य को महिलाओं और बच्चों के लिए विशेष प्रावधान बनाने की अनुमति देता है और यहां पर संविधान महिलाओं को पुरुषों से भी एक सीढ़ी ऊपर ले जाता है। उदाहरण के लिए मातृत्व लाभ अधिनियम (मैटरनिटी बेनिफिट एक्ट) 1961 के तहत महिलाओं को मातृत्व अवकाश और विशेष मातृत्व लाभ दिये जाते हैं, इसी के चलते महिलाओं को अब 26 हफ्तों तक सवेतन छुट्टी का अधिकार मिल गया है यानी मातृत्व लाभ के रूप में महिलाओं को 6 महीने तक घर में रहते हुए भी वेतन मिलता है। भारतीय संविधान के अंगीकार किये जाने के पहले किसी भी दौर में महिलाओं को यह लाभ हासिल नहीं था।

**शोषण से सुरक्षाः** महिलाओं को मानव तस्करी, बंधुवा मजदूरी और बच्चों से संबंधित अन्य शोषण से बचाव के लिए अनुच्छेद 23 और 24 के तहत विशेष सुरक्षा मिली हुई है। इसी क्रम में साल 2013 में महिलाओं को कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न को रोकने के लिए 'यौन उत्पीड़न से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम' 2013 जिसे पॉश एक्ट भी कहते हैं, मिला है। महिलाएं कार्यस्थलों पर सुरक्षित हैं, फिर चाहे वे कार्यस्थल घरेलू काम करने वाली महिलाओं के लिए कोई घर हों या प्रोफेशनल नौकरी करने वाली महिलाओं के कार्यस्थल यानी उनके दफ्तर हों।

**संपत्ति में बराबरी का अधिकारः** भारतीय संविधान में किये गये संपत्ति में अधिकार संशोधन के तहत हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम 2005 में बेटियों को पैतृक संपत्ति में बेटों जितना समान अधिकार दिया गया है, जो महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वतंत्र बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

**राजनीतिक अधिकारः** भारतीय संविधान के अनुच्छेद 243डी और 243टी के तहत पंचायती राज, नगरपालिका के बाद अब लोकसभा और विधानसभाओं में भी महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण का प्रावधान सुनिश्चित किया गया है। नगरपालिका और ग्राम पंचायत में कई सालों पहले से ही यह अधिकार महिलाओं को हासिल थे और अब 2029 के बाद लोकसभा और विधानसभाओं में भी महिलाएं कम से कम 33 फीसदी होंगी। जो उनकी राजनीतिक ताकत में चार चांद लगा देगा। जिस तरह इन दिनों ग्राम पंचायत और नगर पालिकाओं में महिलाओं की ताकतवर उपस्थिति है, वैसी उपस्थिति अगले कुछ सालों में लोकसभा और विधानसभाओं में भी देखने को मिलेगी।

**कार्यस्थल और श्रम अधिकारः** साल 2019 में संसद में महिला श्रमिकों के लिए उनकी रात्रिकालीन ड्यूटी के नियमों में बदलाव कर दिया है। अब सिर्फ सुरक्षित माहौल में ही महिलाएं को रात में काम करने करने अनुमति है। इसी तरह सर्वशिक्षा अभियान के तहत लाखों लड़कियों को शिक्षा हासिल करने के लिए जोर दिया गया है। यही कारण है कि 1951 में जहां महिलाओं की साक्षारता दर महज 8.9 फीसदी थी, वह 2021 में बढ़कर 70 फीसदी हो गई और फिलहाल करीब 75 फीसदी है। इस तरह देखें तो भारत में संविधान को अंगीकार करके लागू किये जाने के बाद से लगातार महिलाओं की स्थिति बेहतर हुई है। भारत के संवैधानिक गणतंत्र बनते ही यहां की महिलाएं जिन्हें लोग अबला कहते थे, अब बदलकर सबला हो चुकी हैं और इसमें हमारे गणतंत्र की बहुत बड़ी भूमिका है। इसलिए 26 जनवरी भारतीय महिलाओं की जिंदगी में ऐतिहासिक बदलाव का दिन है।

**(लेखक कार्यकारी संपादक हैं)**

## सोशल मीडिया

यूपी दिवस के मौके पर माननीय उपराज्यपाल विनय श्री सक्सेना जी से उनके लोक निवास पर भेंट कर विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों और मुद्दों पर विचार विमर्श किया। केशव प्रसाद मौर्य.



अंतर्राष्ट्रीय ख्याति के पत्रकार पद्मभूषण सर मार्क टुली का निधन अत्यंत दुखद है, ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें। शोकाकुल परिजनों के प्रति गहरी संवेदना। अखिलेश यादव.



मुझे आपको यह बताते हुए खुशी हो रही है कि हमारे कृषि विभाग ने राज्य के क्लाइमेट के हिसाब से अधिक उपज देने वाली चावल की चार नयी किस्में विकसित की हैं। ममता बनर्जी.



# बुराइयों का आकर्षण

**अंतर्दृष्टि**

हमारे भाव और विचार हमारे व्यक्तित्व को प्रभावित करते हैं। राजयोग की सभी साधनाओं के संबंध में यही बात है कि यहां क्रिया की अपेक्षा भावनाएं ज्यादा प्रधान होती हैं। यम-नियम जीवन के चिन्तन-चरित्र एवं आचरण में उतारने पड़ते हैं। आसन व्यायाम नहीं, वरन् आसन जमा कर बैठना है। रसोई भी आसन पर बैठकर की जाती है। बोलचाल की भाषा में किसी कार्य के लिए दृढ़तापूर्वक आरूढ़ होना भी आसन लगाना या आसन जमाना है। प्राणायाम प्राणवान बनने के लिए किया जाता है। प्राणवान अर्थात मनस्वी मनोबल सम्पन्न। इसी प्रकार प्रत्याहर को संघर्षशीलता कहते हैं। गीता में अर्जुन को जिस युद्ध के लिए प्रेरित किया गया है, वह वस्तुतः आत्मिक क्षेत्र का युद्ध है। मारकाट वाली लड़ाई के लिए गीता जैसे आत्मिक प्रवचन की आवश्यकता नहीं थी। वह प्रत्याहार ही है, जिसे गीतोक्त महाभारत नाम दिया गया है। यह धर्मक्षेत्र-कर्मक्षेत्र में लड़ा जाता है। संचित कुसंस्कारों एवं हेय प्रचलनों के आकर्षणों के दबावों को अस्वीकार करना ही प्रत्याहार है। अब तीन प्रयोग और शेष रहते हैं धारणा, ध्यान और समाधि। धारणा का तात्पर्य है- मान्यता, स्थापना, स्वीकृति निष्ठा। आदर्शों के विषय में यही तथ्य लागू होता है। आदर्शों को तर्क और तथ्य के आधर पर तो सहज ही स्वीकारा जा सकता है, पर जिस आदर्श को श्रद्धा, प्रज्ञा, निष्ठा के आधार पर हृदयांगम किया गया हो, फलित केवल वही होता है। आस्तिकता, आध्यात्मिता, धार्मिकता के त्रिविध आदर्श प्रमुख हैं। ईश्वर पर विश्वास आत्मक्षमता पर विश्वास, कर्तव्य कर्मों के दायित्व पर विश्वास इन तीनों के विश्वास को धारणा कहते हैं। यों साधारणतया किन्हीं देवी-देवताओं, मंत्रों, गुरुजनों शास्त्रों, पंथों आदि पर विश्वास करना भी धारणा के अर्थ में प्रयुक्त होता है। एक शब्द में धारणा को विश्वास भी कह सकते हैं। ध्यान का तात्पर्य है-अभीष्ट निर्धारण का बार-बार चिन्तन करना। इससे मान्यता परिपक्व होती है। भूल हुई बातों का स्मरण भी ध्यान के आधार पर हो आता है। अपने आदर्श का, लक्ष्य का, निश्चय का बार-बार स्मरण करने से वह आस्था के रूप में परिणत हो जाता है। यों किसी चित्र का, मस्तिष्क का, व्यक्ति का, कल्पना-सपनों का इच्छानुसार ध्यान किया जाता है। नाद योग में शब्दों का, मेरुदण्ड में षटचक्रों का, मस्तिष्क में ब्रह्मकमल का, मूलाधार में कुण्डलिनी का ध्यान किया जा सकता है। मस्तिष्क में ब्रह्मग्रन्थि, हृदय में विष्णुग्रंथि, नाभि में रुद्रग्रंथि के ध्यान का विधान है। श्वास-प्रश्वास के समय सोहम ध्वनि की, ध्यान धारणा की जाती है। इसी प्रकार और भी योग सम्प्रदायों में कई-कई प्रकार के ध्यानों का निर्धारण है। विचार चेतना को केन्द्रीभूत करने की साधना है।

# चुनाव जीतने की कला...

**व्यंग्यलोक**

वह परीक्षा किस काम की जिस में पेपर आउट ना हो! प्रश्नों को हल करने में किसी प्रकार का डाउट ना हो! हर एक वोटर को देना होगा इसका खर्चा। चुनाव प्रचार में दलदल पार्टी का नेता वोटरों के आगे प्रतिदिन अपनी नाक को 1.1 मिलीमीटर घिसता रहा। रबड़दल पार्टी का नेता अपनी नाक 1.2 मिलीमीटर घिसता है। चुनाव परिणाम के दिन दलदल पार्टी की नाक 5.5 मीटर घिस चुकी थी जबकि रबड़दल पार्टी की नाक 5 मीटर ही घिसी बताइए दोनों ने कितने कितने दिन चुनाव प्रचार किया? सामान्यतया वोटरों में शराब बांटने से 1.7 प्रतिशत, रुपए बांटने से 1.2 प्रतिशत और कपड़े बांटने से 0.7 प्रतिशत वोटों की वृद्धि होती है। एक पार्टी अपने वोटों को पिछले चुनावों की तुलना में 17.5 प्रतिशत बढ़ाना चाहती है, तो बताइए उसे 60 करोड़ वोटरों के लिए कितनी मात्रा में शराब कपड़े और रुपयों की व्यवस्था करनी पड़ेगी? एक विरोधी नेता की सभा में हंगामा मचाने के लिए 10 उत्तम किस्म के चमचे चाहिए। इस किस्म के एक चमचे पर कुल 0.4 लाख रुपयों का खर्चा पड़ता है। एक पार्टी ने ऐसे चमचों पर 11.5 करोड़ रुपए खर्च किए तो बताइए उसने कुल कितनी विरोधी सभाओं में हंगामा मचाया? एक पार्टी अपने फंड में 30 प्रतिशत रुपए भ्रष्टाचार से 10 प्रतिशत रूपए कमीशन से 25 प्रतिशत रुपए रिश्वत से 20 प्रतिशत रुपए ट्रांसफर से व शेष रुपए चंदे से जमा करती है। यदि पार्टी फंड में इस वर्ष 8000 करोड़ रुपए जमा हुए तो बताइए पार्टी ने ट्रांसफर बिजनेस में कितना रुपया कूटा? ब्लॉक, जिला व राज्य स्तर के किसी विरोधी गुट के नेता को तोड़ने में दी जाने वाली राशि का अनुपात 1:2:3 का रहता है। अगर कोई पार्टी विरोधी गुट के जिला स्तरीय नेता को 0.7 करोड़ में तोड़ती है, तो उसे राज्य स्तरीय 8 नेताओं को तोड़ने में कितने रुपयों की जरूरत होगी? एक पार्टी ने दलित वोटों के लिए 500 कैरेट शराब, पिछड़े वोटों के लिए 400 टन कबाब और सवर्ण नोटों के लिए 570 शबाब की व्यवस्था की, बताइए पार्टी को मिलने वाले वोटों में दलित, पिछड़े व सवर्ण के वोटों का कितना अनुपात रहेगा? एक नेता को तोड़ने में 5 करोड़ रुपए व चार सुंदरियों की जरूरत होती है। पार्टी को सरकार बनाने के लिए 38 नेताओं की जरूरत है। बताइए सरकार बनाने के लिए उसे कितने रुपए व कितनी सुंदरियों की जरूरत होगी। चुनाव जीतने में एक नेता ने 10 करोड़ खर्च किए व मंत्री पद उसने 15 करोड़ में खरीदा। अगर उसे प्रति भ्रष्टाचार 5 लाख प्रति कमीशन डीलिंग 3 लाख व प्रति ट्रांसफर 1 लाख रुपयों की आय होती है। तब बताइए कि उसे कुल कितने भ्रष्टाचार, कमीशन और ट्रांसफर केस डील करने होंगे ताकि वह नेता व्यवसाय में अपनी लागत का 5 गुना रुपया आराम से निकाल सके?



रामविलास जॉगिड़

# ग्लोबल वार्मिंग का बढ़ता संकट और दिखावटी चिंता



**पर्यावरण**

दशकों से वैज्ञानिक चीख चीखकर पूरी दुनिया को बता रहे हैं कि धरती का तापमान लगातार बढ़ रहा है। दिखावटी चिंता तो पूरी दुनिया के राजनेता भी दिखा रहे हैं। लंबी लंबी बैठकें कर रहे हैं, बड़े बड़े लक्ष्य निर्धारित कर रहे हैं, चुन-चुन करके बहुमूल्य कथनों के जैसी बातें कर रहे हैं। लेकिन हकीकत में दुनिया के बढ़ते हुए तापमान को रोकने के लिए ऐसा कुछ नहीं कर रहे कि बढ़ता हुआ तापमान थमे और दुनिया राहत की सांस ले। वैज्ञानिकों के पास पिछली लगभग पौने तीन सदियों का तापमान है और तापमान की घटती बढ़ती समझ है। साल 1850 से लेकर साल 2024 के बीच धरती के तापमान में रिकॉर्ड 1.66 फीसदी की बढ़ोत्तरी हुई है और वैज्ञानिकों ने जो बढ़ते हुए तापमान की हद निर्धारित कर रखी थी, उस हद 1.5 डिग्री की सीमा को ग्लोबल वार्मिंग तोड़ चुकी है और यह कारनामा पिछले 12 महीनों में हुआ है।

यह अकारण नहीं है कि साल 2024 की जनवरी इतनी गर्म रही है कि पिछले ढाई सौ सालों में ऐसी गर्म जनवरी की कल्पना भी नहीं की गई। दुनिया सचमुच के प्रलय के टिक टिक बम के ऊपर बैठी हुई है और दुनियाभर के शासकों खासकर खुद को दुनिया की अकेली महाशक्ति बताने वाले शासकों के सिर में जूं तक नहीं रेंग रही। यूरोपियन एजेंसी ने 8 फरवरी 2024 को 12 माह की ग्लोबल वार्मिंग रिपोर्ट को पेश करते हुए एक बार फिर से नेताओं की विश्व बिरादरी को आगाह किया है कि ग्लोबल वार्मिंग को जितना जल्दी संभव हो रोकें वरना तमाम गर्व करने वाली सभ्यताएं लापरवाही की गर्त में खो जाएंगी। यूरोपियन एजेंसी ने ग्लोबल वार्मिंग का जो गहन अध्ययन किया है, उससे स्पष्ट हुआ है कि दुनिया में पहली बार एक साल का औसत तापमान 1.50 डिग्री से ज्यादा दर्ज किया गया है और यह किसी विशेष महीने की बात नहीं है बल्कि 2023 के सभी महीनों का औसत तापमान 1.50 डिग्री से ज्यादा रहा है। साल 2000 में धरती का तापमान 0.9 डिग्री बढ़ गया था और यह 1850 से शुरू होकर साल 2000 के बीच की लंबी अवधि में हुआ था यानी धरती के तापमान में औसत से 0.9 डिग्री तापमान बढ़ने के लिए 170 साल लगे थे। लेकिन 0.61 डिग्री तापमान बढ़ने में महज तीन साल लगे हैं। साल 2000 में जहां धरती का बढ़ा हुआ तापमान 0.9 डिग्री था, वह 2020 में बढ़कर 1.51 डिग्री हो गया और अब महज तीन साल के भीतर 0.73 डिग्री सेंटीग्रेड बढ़ा है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि पहले जो आफत सदियों का सफर तय करके हमारे तक पहुंच रही थी, अब वह महज एक किलोमीटर की दूरी से दस्तक दे रही है।

हालांकि वैज्ञानिकों की चेतावनियों को लगातार सिर्फ राजनेताओं ने ही नहीं बल्कि आम लोगों ने भी हल्के में लिया है। लेकिन इस चेतावनी को हल्के में नहीं लेना चाहिए। यह किसी एक देश या एक समुदाय की बात नहीं है, समूची मानवता के लिए चेतावनी है। यूरोपियन यूनियन की कॉपर निक्स क्लाइमेट चेंज सर्विस (सी3एस) ने यह जानकारी दी है। एजेंसी के मुताबिक फरवरी 2023 से जनवरी 2024 तक दुनिया का औसत वैश्विक तापमान अब तक के इतिहास का सबसे ज्यादा रिकॉर्डेड तापमान है। पिछले 12 महीनों में दुनिया के तापमान में 0.64 डिग्री की बढ़ोत्तरी हुई है। यह हैरान करने वाली बढ़ोत्तरी है। पूर्व औद्योगिक काल यानी 1850 से 1900 के बीच 1.52 डिग्री तामपान ज्यादा बढ़ना मानव इतिहास का सबसे बड़ा खतरा है। वैज्ञानिकों ने एक बार फिर से पूरी दुनिया को चेतावनी दी है कि जितना जल्दी और जितना अधिक संभव हो, तेल, गैस, कोयला जैसे जीवाश्म ईंधनों के इस्तेमाल को रोका जाए और दुनिया में ज्यादा से ज्यादा वन क्षेत्र बढ़ाने की कोशिश की जाए। दुनिया में ग्लोबल वार्मिंग की यह भयावह त्रासदी एक दिन में नहीं आयी। 1940 से लगातार धरती का तापमान अलार्मिंग स्टेज में है। लगातार धरती गर्मा रही है। 1940 में जहां पूर्व औद्योगिक काल के मुकाबले दुनिया का तापमान 0.2 डिग्री बढ़ गया था, वहीं साल 1960 में यह 0.3 डिग्री तक बढ़ गया। महज 20 सालों में 0.1 डिग्री की बढ़ोत्तरी आंख खोल देने वाली थी। लेकिन हमारी आंखें तो अगले 20 सालों में यानी 1960 से 1980 के बीच में जब 0.4 डिग्री तापमान और बढ़ गया यानी पूर्व औद्योगिक काल के पैमाने से 0.7 डिग्री की बढ़ोत्तरी हो गई, तो भी दुनिया ने या तो कुछ किया नहीं या कुछ करने की स्थिति में नहीं रही, फिर वही होना था जो हुआ अगले 40 सालों में यह तापमान रॉकेट गति से बढ़ता हुआ पूर्व औद्योगिक काल के मुकाबले 1.51 डिग्री बढ़ गया।

**वीना गौतम.**

## विचार

इस सनातन नियम को याद रखो- यदि तुम प्राप्त करना चाहते हो तो अर्पित करना सीखो।

–सुभाष चन्द्र बोस.

आवश्यकताएं कम करें। आवश्यकताएं जितनी कम होंगी उतना ही अधिक सुख मिलेगा।

–स्वामी रामतीर्थ.

उद्योग तो मनुष्य को करना ही चाहिए। वह तो उसका कर्तव्य है। गाय न पालकर भी बिल्ली अपने उद्योग से नित्य दूध पीती है।

–संस्कृत लोकोक्ति.

जब तक मन नहीं जीता जाता और राग द्वेष शान्त नहीं होते, तब तक मनुष्य इंद्रियों का गुलाम बना रहता है।

–आचार्य विनोबा भावे.

मनुष्य का मूल्य उसके काम या कथन से नहीं, बल्कि वह जीवन में क्या बन रहा है इसे देखकर आंकना चाहिए।

–महर्षि अरविन्द.

## आप की बात

### सामाजिक बदलाव

भारत के साथ आजाद होने वाले अधिकांश देश आर्थिक प्रगति, नागरिकों की सुख-सुविधा, सुरक्षा, स्वास्थ्य रक्षा, रोजगार और समग्र प्रगति के मामले में बहुत आगे निकल चुके हैं। समावेशी विकास, महिला अधिकारिता, शिक्षा और बाल विकास जैसे तमाम मुद्दों पर छोटे-छोटे देश भी भारत से बहुत आगे हैं। भले ही हम आज दुनिया में महाशक्ति बनकर उभर रहे हों लेकिन फिर भी गरीबी, भुखमरी, बेरोजगारी आदि के मामले में भारत की स्थिति ठीक नहीं है। आजादी के अमृत महोत्सव के मौके पर जब हम यह सोचते हैं कि आखिर कहां ऐसी कमी रही, कौन से कारण रहे जिनके चलते भारत मानव विकास, नागरिकों की समृद्धि आदि के मामले में विश्व रैकिंग में कहीं नहीं ठहरता। जिस भी खराब मुद्दे को लेते हैं चाहे वह गरीबी हो, कुपोषण हो, खराब शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा हो, वैश्विक स्तर पर जब इनके आंकड़ों का अध्ययन करते हैं, तो यह पाते हैं कि भारत अधिकांश में नंबर एक पर है। यह भारत और उसके हरेक नागरिकरों के लिए चिंता का, चिंतन का और शर्म का भी विषय है। ऐसा क्यों है कि भारत में बहुत कुछ होते हुए भी हम अपने नागरिकों को बेहतर मानवीय सुविधाएं नहीं दे पाये हैं, तो इसके पीछे एक जो सबसे ठोस कारण नजर आता है वह है शिक्षा। अच्छी शिक्षा हरेक समाज की, हरेक नागरिक की जरूरत है। शिक्षा के बिना कोई भी समाज या देश प्रगति नहीं कर सकेगा। अगर अच्छी शिक्षा लोगों को मिलेगी तो लोग अपने आप आगे निकल जायेंगे और बहुत सारी कमियां पीछे छूट जायेंगी। इसलिए शिक्षा पर फोकस करना जरूरी है।

**प्रेम प्रकाश शुक्ल, लखनऊ.**

### रोजगारपरक शिक्षा

युवाओं को शिक्षा पूरी करने के बाद नौकरी की तरफ भागने के बजाय रोजगार देने वाला बनना चाहिए और इसके लिए उद्यमिता बहुत जरूरी है। दो वर्ष पूर्व आयी कोरोना महामारी ने इतनी आर्थिक तबाही मचायी कि हर तरफ बेरोजगारी और रोजगार का संकट दिख रहा है। वैसे महामारी ने पूरी दुनिया में रोजगार का बड़ा संकट खड़ा कर दिया है। करोड़ों लोगों की नौकरियां गयीं वे फिर से पूरी तरह वापस नहीं मिलीं। ऐसे में यह जरूरी है कि जब कोरोना का संकट खत्म हो गया है तो रोजगार के लिहाज से जरूरी उद्यमों को आगे बढ़ाया जाये ताकि बेरोजगारी का संकट खत्म हो सके। यह बात पूरी तरह से स्पष्ट है कि सरकार सबको रोजगार नहीं दे सकती है और बड़ी कंपनियों में जिस तरह आधुनिक तकनीकी मानव श्रम का स्थान ग्रहण कर रही है उसमें सबको नौकरी मिलना मुश्किल है। ऐसे में युवाओं को रोजगार के लिए उद्यमिता अपनानी होगी ताकि वे रोजगार प्रदाता बनकर देश में बेरोजगारी की समस्या के समाधान में वाहक बन सकें। देश में युवाओं को प्रशिक्षण देकर उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए कौशल विकास मिशन चल रहा है लेकिन अधिकांश युवक कौशल प्रशिक्षण के बाद भी स्वरोजगार अपनाने के बजाय नौकरियों की तलाश में लगे रहते हैं। इससे बेरोजगारी की समस्या के समधान में कोई खास मदद नहीं मिलती है।

प्रदेश में लाखों युवक रोजगार की तलाश में है और जब सरकारी नौकरियों में आवेदन मांगे जाते हैं तो चपरासी पद के कुछ पदों के लिए लाखों आवेदन आते हैं। लेकिन देखा जाये तो ज्यादातर को रोजगार नहीं मिलता है, लेकिन इसके बावजूद भी युवक उद्यमिता के बजाय पहली प्राथमिकता सरकारी नौकरी को देते हैं। हाल के वर्षों में जिस तरह सरकारी नौकरियों में छुट्टियां बढ़ी हैं और आकर्षक वेतन हुआ है उसके कारण युवक सुरक्षित और आरामदेह नौकरी को ज्यादा तरजीह देते हैं बनिस्पत रोजगार करने के। युवाओं की यह मनःस्थिति जब तक बदलेगी नहीं तब तक यह शायद ही कौशल विकास मिशन का लाभ मिले। सरकार को हर युवक को रोजगार से जोड़ने की पहल करनी चाहिए।

**कृष्ण मोहन सिंह, गोण्डा.**

संक्षेप

## फांसी के फंदे पर लटकता मिला युवक का शव

सोहावल-अयोध्या। रौनाही थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत मीरपुर कांटा के मजरे पूरे भम्भा के बाहर एक पेड़ की डाल से शादीशुदा युवक का शव लटकता देखा गया। मौके पर पहुंचे परिजनों ने युवक की पहचान श्रीचन्द्र उर्फ बसंत 35 वर्ष पुत्र स्वर्गीय सुखदेव निवासी पूरे भंभा मीरपुर कांटा के रूप में की है। परिजनों के मुताबिक युवक आधी रात के बाद घर से गायब हुआ था। सूचना मिलते ही उप-निरीक्षक कमल सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई की और शव का पंचनामा करके पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।प्रभारी निरीक्षक रौनाही लालचंद सरोज ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारण का पता चलेगा। मामले की पुलिस जाँच पड़ताल कर रही है।

## खड़ंजा निर्माण को लेकर हुई मारपीट, दो घायल

सोहावल-अयोध्या। रौनाही थाना क्षेत्र के कपासी गाँव में लगाए जा रहे खड़ंजा निर्माण को लेकर दो पक्ष आपस में लड़ गये।

# दो साइबर अपराधी गिरफ्तार



गोसाईंगंज-अयोध्या। गोसाईंगंज कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार को टन्डौली गांव से सिम पोर्ट कर खाते से लाखो रुपये उड़ाने वाले दो साइबर अपराधियो को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से पुलिस ने 10 मोबाइल फोन, 58 सिम कार्ड, 5 एटीएम, 2 ग्रीन रेमिट कार्ड, 2 बैंक पास बुक के साथ तीन लाख नगद रुपये बरामद हुआ है।

सीओ सदर अरविंद सोनकर के मुताबिक बरामद रुपये साइबर फ्राड के है। आरोपियों की पहचान शिवम कुमार पुत्र टुनटुन व दिलीप कुमार पुत्र राधेश्याम निवासी करबगवा टन्डौली कोतवाली गोसाईंगंज अयोध्या के रुप में हुई।सीओ सदर अरविंद सोनकर ने बताया कि करबगवा टन्डौली निवासी अरुणकुमार पुत्र स्व0 बलिकरन ने बैंक आफ बड़ौदा मया बाजार की

● दस मोबाइल, 58 सिम कार्ड, पांच एटीएम, दो ग्रीन रेमिट कार्ड, दो बैंक पासबुक के साथ तीन लाख नगद बरामद

शाखा में अपना खाता खुलवा रखा है।

जिसमे उसका जिओ कम्पनी का मोबाइल नम्बर लिंक है।बीते नौ जनवरी को उसका नम्बर अचानक बंद हो गया।वह अपना नम्बर चालू करवाने के लिए जिओ स्टोर पर गया तो वँहा उसे जानकारी मिली कि उसका नम्बर सात जनवरी को ही दीपशिखा तिवारी पुत्री रामइकबाल निवासी आमी चाचिकपुर थाना अहिरौली जनपद अम्बेडकरनगर के नाम से एयरटेल कम्पनी में पोर्ट हो चुका है।

बीस जनवरी को जब वह अपना पैसा निकालने बैंक आफ बड़ौदा मयाबाजार गया तो पता चला कि उसके खाते से5लाख 62 हजार रुपये किसी ने खाते से निकाल लिया।यह जानकर उसके होश उड़ गए और वह घटना के बारे में सोचने लगा।तब उसे याद आया कि उसका पड़ोसी शिवम कुमार पुत्र टुनटुन ने सात जनवरी को फोन करने के बहाने उसका फोन लेकर छेड़छाड़ किया था।उस समय उसके साथ उसका दोस्त दिलीप कुमार पुत्र राधेश्याम भी था जो फ्राड किस्म का है।जब उसने इन लोगो से पूंछा तो अपशब्द कहते हुए मारपीट पर आमादा हो गए और जान से मारने की धमकी देने लगे।पीडित अरुणकुमार कोतवाली गोसाईंगंज पहुंचा और तीनो के खिलाफ तहरीर दिया।जिसके बाद पुलिस केस दर्जकर पड़ताल में जुट गई और दो लोगो को गिरफ्तार कर लिया।सीओ सदर ने बताया कि महिला की संलिप्तता की जांच अभी प्रचलन में है।गिरफ्तारी में एसओ शारदेन्दु दुबे,एसआई राजकुमार यादव,सिपाही महेंद्र राजभर,राजेश राजभर व सुभाष यादव की भूमिका रही।

## सवर्णो का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तानः कृपा निधान

अयोध्या। देश के सर्वण के साथ हो रहे भेदभाव और उत्पीड़न पर जहां पूरे देश में यू सी जी कानून को लेकर पूरे देश के सर्वण में उबाल है वहीं पर उत्तर प्रदेश के प्रयागराज माघ मेले में शंकराचार्य और उनके चेलों के साथ पुलिस द्वारा की जा रही मारपीट और चोटी खींचने की घटना पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की चुप्पी और शंकराचार्य को कालनेमी कहकर संबोधन से पूरे देश में हिंदुत्व और सनातन की दुहाई देने वाली उत्तर प्रदेश और और देश की भाजपा सरकार और उसके मुखिया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति समाज में जबरदस्त गुस्सा देखने को मिल रहा जल्दी मे ही संसद में 13 जनवरी को कानून पास करके लागू करने के निर्देश दिए हैं इस पर विचार करके डैमेज कंट्रोल की मुद्रा में नहीं आई तो आगामी आने वाले चुनाव पर इसका जबरदस्त प्रभाव देखने को मिलेगा ऐसा देश के विद्त समाज का स्पष्ट मत है जिसका खामियाजा मोदी के साथ-साथ पूरे देश की भाजपा सरकार को भुगतना पड सकता है नौजवान बच्चों को नौकरी देने में असफल भाजपा की केंद्र और प्रदेश की सरकारों से पहले ही नौजवान नाराज थे और विश्वविद्यालय में सर्वण समाज के छात्रों के खिलाफ ले जा रहे कानून ने इसमें आज में घी डालने का काम किया है जिससे काफी विरोध देखने को मिला रहा है समाज देश के के साथ-साथ उनके अन्य सहयोगी का उत्पन्नात्मक रवैया से अखिल भारतीय चाणक्य परिषद के राष्ट्रीय संरक्षक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री श्री परशुराम सेवा ट्रस्ट राष्ट्रीय संरक्षक अखिल भारतीय संयुक्त ब्राह्मण संघर्ष समिति ने कहा कि राजनीति में विद्वेष अपनी जगह है, शंकराचार्य पद का विवाद भी अपनी जगह है, आपकी मानसिकता चाहे किसी भी राजनीतिक दल से जुड़ी हुई हो किंतु इस राजनीतिक विद्वेष ,इस पद के विवाद, और जुड़ी हुई राजनीतिक भावनाएं के मध्य जिस तरह से एक ब्राह्मण की चोटी प्रयागराज माघ मेले में खींची गई उसे जमीन पर पटक कर मारा गया , यह न सिर्फ अपमान और तिरस्कार करने वाली बात है बल्कि सीधे-सीधे हिंदू धर्म का अपमान है, ब्राह्मण और ब्राह्मणत्व पर आघात है,यह कदापि नहीं भूलिएगा कि आचार्य चाणक्य की चोटी का अपमान नंद वंश के राजा धनानंद द्वारा एक भरी सभा में किया गया था, जहाँ उन्होंने आचार्य चाणक्य की सादगी और कुरूपता का मजाक उड़ाया।

## थाने में जमा शस्त्र पाने के लिए थाने का चक्कर काट रहे असलहा धारक

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** कुमारगंज थाने के माल खाने में जमा शस्त्र अब शस्त्र लाइसेंसियों को मिल पाना टेढ़ी खीर साबित हो रहा है।शस्त्र लाइसेंसी अपना शस्त्र पाने के लिए थाने का चक्कर काटने को विवस हैं। बताते चलें कि विगत विधानसभा उप चुनाव में शस्त्र लाइसेंसियों के असलहे शांति व्यवस्था के दृष्टिकोण से थाने के माल खाने में जमा कर लिए गए थे। जिसमें कुछ लाइसेंस धारकों ने अपने शस्त्र तो वापस ले लिए किंतु अधिकांश लोगों के असलहे आज भी थाने के माल खाने में जमा हैं। इसके अलावा तमाम मृतक लाइसेंस धारकों के भी शस्त्र थाने में जमा हैं। और तो और वरासत शस्त्र लाइसेंस जिलाधिकारी अयोध्या की ओर से निर्गत किए जाने और रिलीज ऑर्डर भी दे दिए जाने के बाद वरासत शस्त्र लाइसेंस धारक अपने शस्त्र पाने के लिए थाने का चक्कर काट रहे हैं।ऐसा ही एक मामला कुमारगंज थाना क्षेत्र के मसेढ़ा गांव से जुड़ा है। जहां लाइसेंसी चंद्रेश सिंह की मृत्यु के उपरांत उनका राइफल शस्त्र उनके परिजनों द्वारा स्थानीय थाने में जमा कर दिया गया था। वरासत शस्त्र लाइसेंस हेतु आवेदन कर पैरवी की गई। जिसके आधार पर जिलाधिकारी अयोध्या एन टी राम फुंडे द्वारा बीते 19 दिसंबर कोउनके लाइसेंसी चंद्रेश सिंह के पुत्र विजय कुमार सिंह के नाम राइफल शस्त्र लाइसेंस जारी कर दिया गया। प्रभारी अधिकारी आयुध राजेश कुमार मिश्रा द्वारा बीते 6 जनवरी को उक्त शस्त्र नए लाइसेंसी के पक्ष में रिलीज किए जाने हेतु आदेश भी थानाध्यक्ष कुमारगंज को दे दिए गए। किंतु आज तक शस्त्र लाइसेंसी को कुमारगंज थानाध्यक्ष द्वारा शास्त्र हस्तगत नहीं कराया जा सका है।

# पीड़ित परिवार को भेजीआर्थिक सहायता



**अयोध्या।** समाजवादी पाटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा पीड़ित परिवार की सहायता हेतु भेजी गई एक लाख की आर्थिक सहायता का चेक पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे ॣपवनॣ व नि0 महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव ने पार्टी नेताओं के साथ पीड़ित के आवास जाकर

● पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन ने पीड़ित परिवार को सौंपा चेक

पीड़ित परिवार को सौंपा।इस मौके पर पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन ने कहा कि इस दुख की घड़ी में पूरा समाजवादी परिवार उनके साथ खड़ा है, दोषियों को कठोर सजा दिलाने और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए समाजवादी पार्टी की लड़ाई निरंतर जारी रहेगी, नि0 महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव ने कहा कि समाजवादी पार्टी पहले दिन से पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है एक दोषी की सिर्फ गिरफ्तारी प्रशासन द्वारा दिखाई गयी है ,लेकिन पीड़ित परिवार लगातार कह रहा है कि और दोषी भी है जो आज भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है लगातार खतरा बना रहता है,जल्द ही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से इस पर वार्ता की जाएगी।प्रवक्ता राकेश यादव ने बताया इससे पहले भी पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन नें पीड़ित परिवार को 50000 की आर्थिक मदद की थी इस मौके पर सपा महानगर नि महासचिव हामिद जाफर मीसम, उपाध्यक्ष चैधरी श्रीचंद यादव प्रदेश सचिव मो हलीम पप्पू, राष्ट्रीय महासचिव अधिवक्ता शावेज जाफरी प्रवक्ता राकेश यादव, एडवोकेट, मंसूर इलाही एडवोकेट, इंजीनियर वीरेंद्र गौतम, प्रदेश उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक सभा फरीद कुरैशी, सपा नेता शादाब खान,पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ प्रदेश सचिव बृजेश सिंह चैहान,पार्षद वकार अहमद,पूर्व पार्षद औरंगजेब खान,पूर्व पार्षद इरशाद इदरीसी,नि जिला सचिव अंसार अहमद,राम आजोर यादव, अली सईद नूर बाबू जिला महासचिव युवजन सभा मो ईशा कुरैशी,महमूद खान,शाहबाज लकी,अनस खान, मो. फहीम आदि लोग मौजूद रहे।

## सड़क सुरक्षा माह के तहत निकाली गयी मोटर साइकिल जागरूकता रैली



**बहराइच ।** सड़क दुघर्टनाओं में कमी लाने तथा आम जनमानस को यातायात नियमों की जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से शासन के निर्देश पर जनपद में 01 से 31 जनवरी 2026 तक मनाये जा रहे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह अन्तर्गत मोटर साईकिल जागरूकता रैली निकाली गई।सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी ओ.पी. सिंह ने यात्रीकर अधिकारी अवधराज गुप्ता, सम्भागीय निरीक्षक (प्राविधिक) प्रदीप कुमार, प्रभारी यातायात पुलिस राम प्रकाश के साथ परिवहन कार्यालय परिसर से मोटर साईकिल यातायात जागरूकता रैली को संयुक्त रूप से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।इससे पूर्व एआरटीओ ओ.पी. सिंह ने कार्यालय परिसर में मौजूद लोगों को सड़क सुरक्षा शपथ भी दिलायी।यातायात जागरूकता मोटर साईकिल रैली जिसमें लगभग 150 बाईक चालक सम्मिलित थे, परिवहन कार्यालय से तिकोनीबाग चौराहा-कलेक्ट्रेट कार्यालय-जेल रोड-पुलिस अधीक्षक आवास-हॉस्पिटल चौराहा-डिगिहा चौराहा-छावनी चौरहा-चांदपुरा चौराहा होते हुए वापस परिवहन कार्यालय समाप्त हुई। जागरूकता रैली के माध्यम से आम जनमास को दो पहिया वाहन चलाते समय हेल्मेट का प्रयोग करने, वाहनों को ओवर लोडिंग न करने, चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करने तथा यातायात नियमों का पालन करने का सन्देश दिया गया।

## मानस इंटर कॉलेज बिशनपुर राहु में आयोजित हुआ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम




**बहराइच ।** मेरा युवा भारत बहराइच द्वारा उत्तर प्रदेश युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वाधान में राष्ट्रीय मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन मानस इंटर कॉलेज बिशनपुर राहु मैं किया गया। जिसमें जनपद के विभिन्न युवा महिला मंडलों के सदस्यों द्वारा प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रधानाचार्य रमेश चंद्र मिश्र व विशिष्ट अतिथि पूर्व प्रधानाचार्य श्री वर्मा, जनहित फाउंडेशन के अध्यक्ष उमेश चंद्र मिश्र, वरिष्ठ शिक्षिका रोशनी तिवारी तथा महिला मंडल लाडोरा की अध्यक्ष सुश्री सोनम वर्मा ने उपस्थित युवाओं को राष्ट्रीय मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के उद्देश्यों के बारे में जानकारी देते हुए शत-प्रतिशत मतदान करने का आहवान किया।इस अवसर पर युवाओं द्वारा भाषण, गोष्ठी, पदयात्रा, साइकिल यात्रा आदि गतिविधियां संपन्न की गई।कार्यक्रम का संचालन इंद्रसेन चैधरी विशेष कार्याधिकारी लेखा द्वारा किया गया।

## मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं और बालिकाओं को किया जागरूक



**बहराइच ।** मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अन्तर्गत जनपद के सभी थानों पर गठित मिशन शक्ति टीमों द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बों, चौराहों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर महिला पुलिस कर्मियों द्वारा शासन व पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जनपद में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत सभी महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों और मिशन शक्ति के तहत उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जागरूक किया गया।मिशन शक्ति 5.0ह्व अभियान के अन्तर्गत महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु चलाई जा रही विभिन्न विभागों की योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, उ०प्र० राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय पोषण योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, पी०एम० स्वानिधि योजना, पी०एम० सम्मान निधि योजना, वन स्टाप सेन्टर, आयुष्मान योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना, कन्या सुमंगला योजना तथा पुलिस विभाग से संबंधित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112 इमरजेन्सी कॉल/पैनिक बटन-मोबाइल पर डेमो, सी०एम० हेल्प लाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा हेल्प लाइन-102, एम्बुलेंस सेवा-108, महिला हेल्प लाईन-181, साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 आदि के बारे मे पंपलेट बांटकर जागरूक किया गया।

# महानिरीक्षक कारागार के प्रशंसा प्रमाण पत्र से सम्मानित होंगे जेल के जांबाज अफसर

### जेलर सहित 3 डिप्टी जेलर को मिलेगा डिस्क सहित प्रशंसा प्रमाण पत्र



भूपिन्दर पाल सिंह शैन्की





**बाराबंकी।** प्रदेश की संवेदनशील जेलो में तैनाती के साथ बंदियो के कल्याण और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जेलर ऋतिक प्रियदर्शी, डिप्टी जेलर श्रीमती अंशु कल गणतन्त्र दिवस के मौके पर महानिरीक्षक कारागार द्वारा दिया जाने वाला प्रशंसा प्रमाण पत्र से सम्मानित होंगे। तो वही तेजतर्रार डिप्टी जेलर आशूतोष मिश्रा व डिप्टी जेलर वीरेन्द्र विक्रम को आई0जी कमेंडेशन डिस्क सिल्वर से सम्मानित किया जायेगा।

बता दें कि 1999 बैंच से नौकरी की शुरूआत करने वाले कानपुर देहात जिले के मूल निवासी जेलर श्री प्रियदर्शी विधि स्नातक भी है। वर्तमान में लखनऊ जिला कारागार में तैनात है।

डिप्टी जेलर से नौकरी की शुरूआत करने वाले जेलर श्री प्रियदर्शी उरई, गाजियाबाद, बुलदशंहर, एटा, बाराबंकी में भी तैनात रहे है और पूर्व में राज्यपाल के विशिष्ट सेवा पदक, आई0जी कमेंडेशन डिस्क सिल्वर, गोल्ड और प्लेटिनम से भी सम्मानित हो चुके है। तो वहीं लखनऊ कारागार में तैनात डिप्टी जेलर आशूतोष मिश्रा व डिप्टी जेलर वीरेन्द्र विक्रम को आई0जी कमेंडेशन डिस्क सिल्वर से सम्मानित किया जायेगा।

# पुलिस ने दबोचे तीन शातिर चोर, जेवर, नगद, बाइक,सरसों,शराब, मेथा आयल बरामद



**बाराबंकी।** थाना सफदरगंज व स्वाट/सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीम ने 3 शातिर चोरों को नगद, जेवरात, बाइक, मेथा आयल सरसो बरामद करते हुये गिरफ्तार किया है। पुलिस लाइन सभागार मे प्रेस वार्ता कर रहे अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी रितेश कुमार सिंह ने बताया कि संयुक्त पुलिस टीम ने 3 शातिर अभियुक्त

● सर्विलांस व सीसीटीवी कैमरों से बचने के लिए करते थे खेत और बाग रास्तो का इस्तेमाल

बिरजू रावत उर्फ राहुल पुत्र रामहरख व अवनीश वर्मा उर्फ लकी पुत्र रामनिवास वर्मा निवासीगण ग्राम पहलीपार थाना मसौली, राज वर्मा उर्फ एसके पुत्र आनन्द वर्मा निवासी ग्राम कुड़ी थाना सफदरगंज को हाईवे काउन्टी साइट, ग्राम जलालपुर के पास से 8 बोरी सरसों, 8 जोड़ी पायल, 24 अदद अंगूठी/छल्ला, 6 अदद नाक की कील, 5 लीटर मेंथा आयल, 3 कैन किंगफिसर बियर, 1 बोतल रायल स्टेग शराब, 1 बोतल बकाडी लेमन शराब, 5 सीसी ब्लेन्डर प्राइड शराब, 1 अदद लोहे का साबर, 7200 रुपये नकद, मोटर साइकिल अपाचे व स्प्लेण्डर प्लस बरामद करते हुये गिरफ्तार किया।

पुलिस पूछताछ मे अभियुक्त ने बताया कि अपने दो अन्य साथियों/वांछित अभियुक्त रोहित उर्फ करिया, दुर्गेश वर्मा उर्फ कुन्नू पुत्रगण रामराज निवासी ग्राम पहलीपार थाना मसौली के साथ मिलकर दिन में रेकी कर चोरी करने के स्थानों को चिन्हित कर चोरी/सेंधमारी की घटनाओं को अंजाम देते थे। घटना को अंजाम देते समय सर्विलांस से बचने के लिए मोबाइल फोन का प्रयोग न करने एवं सीसीटीवी कैमरों से बचने के लिए मुख्य मार्गों का प्रयोग न कर खेत-बाग के रास्तों का प्रयोग करते थे।

## उच्च तापमान से निपटने में वरदान साबित होगा गेहूं का बीज



अयोध्या। कृषि विश्वविद्यालय पहुंचे उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान परिषद (उपकार) के महानिदेशक डॉ. संजय सिंह ने विश्वविद्यालय के शोध प्रक्षेत्र का भ्रमण कर उपकार द्वारा पोषित विभिन्न शोध परियोजनाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गेहूं पर उच्च तापमान के प्रभाव के अध्ययन हेतु संचालित महत्वपूर्ण शोध परियोजना को परखा। उन्होंने मुख्य अन्वेषक डॉ. आलोक कुमार सिंह से शोध कार्य की प्रगति की विस्तृत जानकारी ली और बढ़ते तापमान के प्रभाव एवं फसल की उत्पादकता पर विचार-विमर्श किया। महानिदेशक ने वैज्ञानिकों से बातचीत में कहा कि हमारा शोध सीधे किसानों से जुड़ा होना चाहिए। शोध परियोजनाओं का स्वरूप किसानों की वास्तविक समस्याओं को ध्यान में रखते हुए तैयार किया जाना जरूरी है जिससे किसानों की आय एवं उत्पादकता में वास्तविक वृद्धि हो सके। उन्होंने सुझाव दिया कि किसान उच्च तापमान एवं सीमित जल उपलब्धता जैसी परिस्थितियों में भी अपनी फसल की उत्पादकता को बनाए रख सके इसको ध्यान रखकर शोध की जरूरत है। उन्होंने डॉ. आलोक कुमार सिंह के प्रयासों की सराहना की। कहा कि इस परियोजना से प्राप्त होने वाले परिणाम भविष्य में किसानों की गेहूं उत्पादकता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। परियोजना के मुख्य अन्वेषक डॉ. आलोक कुमार सिंह ने बताया कि इस शोध परियोजना का प्रमुख उद्देश्य उत्तर प्रदेश के किसानों द्वारा देर से बोई जाने वाली गेहूं की फसल में उच्च तापमान के कारण होने वाली उत्पादकता हानि को कम करना है, जिससे बदलती जलवायु परिस्थितियों में भी किसान सुरक्षित उत्पादन कर सकें।इस मौके पर अधिष्ठाता डॉ भगवानदीन, डॉ आर.के यादव, डॉ राज बहादुर, डॉ कुलदीप पांडेय, डॉ जगबीर सिंह मौजूद रहे।

# उत्साह के साथ राष्ट्रीय मतदाता दिवस आयोजित

जिला संवाददाता




**बहराइच ।** जागो रे जागो मतदाता जनपद के सभी अर्ह नागरिकों का नाम निर्वाचक नामावलियों में शामिल किये जाने और शत-प्रतिशत मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किये जाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर जनपद में विभिन्न स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रमों का

● उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित हुए बीएलओ व सुपरवाईजर्स

आयोजन किया गया। मुख्य समारोह कपूरथला परिसर स्थित उत्थान आडिटोरियम में आयोजित हुआ जहॉ पर अपर जिलाधिकारी अमित कुमार ने मौजूद अधिकारियों, कर्मचारियों, गणमान्य नागरिकों एवं स्कूली छात्र-छात्राओं को मतदाता शपथ दिलायी। आडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम के दौरान एडीएम अमित कुमार ने मौजूद लोगों को मतदाता शपथ दिलायी कि हम, भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मयार्दा को बनाएं रखेंगे तथा स्वतंत्र निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। एडीएम श्री कुमार ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस की बधाई देते हुए कहा कि हम भारत-वासियों के लिए बड़े सम्मान की बात है कि विश्व में लोकतन्त्र की पहचान के तौर पर भारत को याद किया जाता है। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर हमें संकल्प लेना होगा कि एक जिम्मेदार नागरिक के कर्तव्यों का पालन करते हुए हम मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराएं तथा जब भी लोकतन्त्र का महापर्व हो तो हम मतदान के लिए अवश्य जाएं।एडीएम ने कहा कि देश के मतदाता विशेष कर युवा मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से भारत निर्वाचन आयोग ने वर्ष 2011 से 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के रूप में मनाये जाने का निर्णय लिया है। एडीएम ने आमजन का आहवान किया कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अन्तर्गत 01 जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले सभी स्त्री-पुरूष अवश्य दर्ज कराएं। राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह में उच्च प्राथमिक विद्यालय कमोलिया के बच्चों द्वारा देश भक्तिगीत व मतदाता जागरूकता कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये।समारोह के दौरान विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले जनपद के समस्त विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के 02-02 बूथ लेबिल अधिकारियों व 01-01 सुपरवाईजर्स को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर श्रीमती पूजा यादव, उप जिलाधिकारी न्यायिक नानपारा अमिता यादव तथा निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी मटेरा लालधर यादव सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी, शिक्षक-शिक्षिकाएं व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## महाराजा सिंह इंटर कॉलेज में आयोजित होगी दो दिवसीय चित्र प्रदर्शनी



**बहराइच 25 जनवरी।** केन्द्रीय संचार ब्यूरो, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार, लखनऊ द्वारा महाराजा सिंह इंटर कॉलेज, बहराइच में आयोजित किए जाने वाले तीन दिवसीय विशेष कार्यक्रम के उपलक्ष्य में एक दिवसीय पूर्व-प्रचार अभियान के प्रचार वाहन को मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि श्याम करण टेकड़ीवाल द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में सभासद प्रतिनिधि चांद मुहम्मद, सभासद तमसिल अहमद उर्फ अन्नू, वरिष्ठ समाजसेवी अनुराग सिंह, मोहम्मद फरीद हुसैन, हसीब खान, गोविन्द अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

यह कार्यक्रम विकसित भारत-जी राम जी एवं गणतंत्र दिवस की थीम पर केंद्रित है जिसका प्रचार-प्रसार इस कार्यक्रम में किया जा रहा है। कार्यक्रम में चित्र प्रदर्शनी का मुख्य आयोजन दिनांक 26 से 27 जनवरी 2026 तक किया जाएगा। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री एवं सदर विधायक श्रीमती अनुपमा जायसवाल द्वारा किया जाएगा।

केन्द्रीय संचार ब्यूरो, लखनऊ के क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी, श्री जय सिंह ने कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि 26 से 27 जनवरी तक चलने वाले मुख्य कार्यक्रम में प्रतिदिन अलग-अलग विषयों पर चर्चा और गतिविधियाँ आयोजित की जाएँगी। उन्होंने बताया कि इन दो दिनों में कार्यक्रम और चित्र प्रदर्शनी सभी आगंतुकों के लिए पूर्णतः निःशुल्क रहेगी। पूर्व-प्रचार कार्यक्रम के दौरान उपस्थित दर्शकों एवं छात्रों के लिए एक ज्ञानवर्धक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन कर विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया।

# सूर्या-अभिषेक की आतिशी पारी से जीता भारत

## भारत ने 10 ओवर में चेज किए154 रन , अभिषेक ने 14 गेंद पर जमायी फिफ्टी, जीती सीरीज



एजेंसी

**गुवाहाटी।** भारत ने न्यूजीलैंड के खिलाफ 10 ओवर में 154 रन चेज कर 8 विकेट से तीसरा टी-20 जीत लिया। इसी के साथ टीम इंडिया ने लगातार 11वीं टी-20 सीरीज जीत ली। टीम ने रविवार को गुवाहाटी में न्यूजीलैंड के खिलाफ 3-0 की अजेय बढ़त बना ली। बरसापारा स्टेडियम में पहले बैटिंग करते हुए न्यूजीलैंड 153 रन ही बना सका। भारत ने 2 ही विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया। टीम इंडिया के लिए ओपनर अभिषेक शर्मा ने 14, सूर्यकुमार यादव ने 25 गेंद पर फिफ्टी लगाई।

अभिषेक ने 68, सूर्या ने 57 रन बनाए। गेंदबाजी में जसप्रीत बुमराह ने 3 विकेट लिए। हार्दिक पंड्या और रवि बिश्नोई को 2-2 विकेट मिले। टीम इंडिया ने पहला मैच 48 रन और दूसरा मैच 7 विकेट से जीता था। चौथा मुकाबला 28 जनवरी को विशाखापट्टनम में खेला जाएगा। न्यूजीलैंड ने तीसरे टी-20 में भारत को 154 रन का टारगेट दे दिया। गुवाहाटी के बरसापारा स्टेडियम में भारत ने बॉलिंग चुनी। कीवी टीम 9 विकेट खोकर 153 रन ही बना सकी। ग्लेन फिलिप्स ने 48 और मार्क चापमन ने 32 रन बनाए। भारत से जसप्रीत बुमराह ने 3 विकेट लिए।



भारत ने 3 ओवर के बाद 1 विकेट खोकर 49 रन बना लिए हैं। अभिषेक शर्मा और ईशान किशन पिच पर हैं। ईशान ने पहले ही ओवर में 2 छक्के लगाए। संजू सैमसन पारी की पहली गेंद पर आउट हो गए, उन्हें मैट हेनरी ने बोल्ड किया। हार्दिक पंड्या और रवि बिश्नोई को 2-2 विकेट मिले। हर्षित राणा ने 1 विकेट लिया। एक बैटर रन आउट भी हुआ। कीवी टीम के लिए मैट हेनरी 1, काइल जैमिसन 3, रचिन रवींद्र 4, डेवोन कॉन्वे 2, टिम साइफर्ट 12, मिचेल सैंटनर 27 और डेरिल मिचेल 14 रन बनाकर आउट हुए। पहली गेंद पर विकेट के बावजूद भारतीय बैटर्स ने स्कोरिंग रेट को धीमा नहीं किया। ईशान किशन ने पहले ही ओवर में 2 छक्के और 1 चौका लगा दिया।

# आम बजट से तय होगी बाजार की चाल : निर्मला सीतारमण

नयी दिल्ली। महत्वपूर्ण घटनाक्रम से भरे इस सप्ताह में कंपनियों के तीसरी तिमाही के नतीजे, अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दर पर फैसले और आगामी आम बजट 2026-27 से शेयर बाजार का रुख तय होगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी को आम बजट पेश करेंगी।

बजट पेश होने के दिन रविवार है, लेकिन इस दिन शेयर बाजार एनएसई और बीएसई खुले रहेंगे। गणतंत्र दिवस के कारण सोमवार को शेयर बाजार बंद रहेंगे। विशेषज्ञों ने कहा कि इसके अलवा विदेशी निवेशकों की कारोबारी गतिविधि, रुपया-डॉलर का रुख और वैश्विक व्यापार से संबंधित घटनाक्रम भी बाजार में कारोबार को प्रभावित करेंगे। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी को आम बजट पेश करेंगी।

बजट पेश होने के दिन रविवार है, लेकिन इस दिन शेयर बाजार एनएसई और बीएसई खुले रहेंगे। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजीत मिश्रा ने कहा, यह सप्ताह महत्वपूर्ण घरेलू और वैश्विक



कारकों से भरा हुआ है। घरेलू मोर्चे पर बाजार औद्योगिक उत्पादन के आंकड़ों, आम बजट से जुड़े राजकोषीय संकेतकों और साप्ताहिक विदेशी मुद्रा भंडार पर नजर रखेंगे। कंपनियों के तिमाही नतीजों पर भी नजर रहेगी, जिसमें एक्सिस बैंक, एलएंडटी, मारुति सुजुकी, आईटीसी, एनटीपीसी और बजाज ऑटो जैसी दिग्गज कंपनियों के नतीजे आएंगे।

उन्होंने आगे कहा कि वैश्विक स्तर पर ध्यान अमेरिका के प्रमुख व्यापक आर्थिक आंकड़ों, अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दर निर्णय और वैश्विक व्यापार नीतियों में हो रहे घटनाक्रमों पर रहेगा। रुपया शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 92 के ऐतिहासिक निचले स्तर पर पहुंच गया। जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार ने कहा, एफपीआई ने 23 जनवरी को समाप्त सप्ताह में अपनी बिकवाली न केवल जारी रखी, बल्कि इसकी तीव्रता भी बढ़ा दी।

रुपये के निरंतर अवमूल्यन, भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर अनिश्चितता और अब तक के सामान्य तिमाही नतीजों के कारण बाजार की धारणा बहुत कमजोर रही है। स्वास्तिका इन्वेस्टमार्ट लिमिटेड के शोध प्रमुख संतोष मीणा ने कहा कि निवेशक वैश्विक शेयर बाजारों के रुझान और कच्चे तेल की चाल पर भी नजर रखेंगे।

उन्होंने कहा, सोमवार की छुट्टी के बाद मंगलवार से कारोबार शुरू होगा, जिसे 27 जनवरी को होने वाले भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) से सकारात्मक बढ़त मिल सकती है। हालांकि, ईरान और ग्रीनलैंड से जुड़ी भू-राजनीतिक अनिश्चितताएं बड़ी बाधा बनी हुई हैं।

## संक्षेप

### यूपी सरकार व स्टेट बैंक का मैत्रीपूर्ण मैच

लखनऊ। उत्तर प्रदेश दिवस 2026 के अवसर पर, 24 से 26 जनवरी तक 'विकसित भारत - विकसित उत्तर प्रदेश' के थीम के तहत मनाए जा रहे उत्सव के हिस्से के रूप में, 25 जनवरी 2026 को श्री अटल बिहारी वाजपेयी एकाना क्रिकेट स्टेडियम, लखनऊ में मुख्य सचिव इलेवन (सीएस इलेवन) और एसबीआई इलेवन के बीच एक मैत्रीपूर्ण टी20 क्रिकेट मैच आयोजित किया गया। उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव शशि प्रकाश गोयल ने कार्यक्रम में भाग लिया और भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य महाप्रबंधक दीपक कुमार दे के साथ टॉस किया। उन्होंने विजेता ट्रॉफी और पुरस्कार प्रदान किए, उत्तर प्रदेश दिवस पर इस आयोजन के लिए भारतीय स्टेट बैंक की सराहना की, और कहा कि इस तरह की गतिविधियाँ एकता, खेल भावना को बढ़ावा देती हैं और विकसित भारत - विकसित उत्तर प्रदेश के दृष्टिकोण में योगदान देती हैं, साथ ही राज्य के विकास में भारतीय स्टेट बैंक की भूमिका को भी स्वीकार किया। सीएस इलेवन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 152 रन बनाए। जवाब में एसबीआई इलेवन ने शानदार खेल दिखाया लेकिन 20 ओवर में 148 रन ही बना पाई। सीएस इलेवन ने 4 रन से मैच जीत लिया।

### दिल्ली विकास प्राधिकरण ने शहर के पहले ग्रीन एक्सपो के लिए मंच तैयार किया

नई दिल्ली। उपराज्यपाल के यमुना बाढ़ के मैदानों का कायाकल्प करने के सफल प्रयोगों से प्रेरित होकर, जिसमें असिता, बांसेरा, वासुदेव घाट और यमुना वाटिका जैसे सार्वजनिक हरित स्थान बनाए गए हैं, जिससे न केवल बाढ़ के मैदानों का कायाकल्प किया गया है, बल्कि दिल्ली के लोगों को नदी के करीब भी लाया गया है, दिल्ली विकास प्राधिकरण 14 और 15 फरवरी, 2026 को बांसेरा पार्क, नई दिल्ली में पहला डीडीए ग्रीन एक्सपो 2026 आयोजित करने जा रहा है। स्थिरता, शहरी हरियाली और प्रकृति-आधारित समाधानों पर केंद्रित, यह एक्सपो भारतीय शहरों के भविष्य की कल्पना करने के लिए एक प्रमुख राष्ट्रीय मंच के रूप में काम करेगा, जबकि शहरी नियोजन और शहर के विकास में पर्यावरणीय स्थिरता और जलवायु-प्रथम दृष्टिकोण को शामिल करने के लिए डीडीए की निरंतर प्रतिबद्धता को रेखांकित करेगा। वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं के अनुरूप एक बेंचमार्क-स्थापित राष्ट्रीय मंच के रूप में परिकल्पित, यह एक्सपो भारत में भविष्य के लिए तैयार, जलवायु अनुकूल शहरों को आकार देने के लिए अंतर्राष्ट्रीय विचारकों, नीति निमार्ताओं और अर्बन प्रैक्टिशनर्स को एक साथ लाएगा।

# गणतंत्र दिवस टेनिस के विजेता बने शिवाये और अनाया पटेल

लखनऊ । ओमेक्स सिटी स्थित प्ले एन फिट टेनिस अकैडमी में 23 से 25 जनवरी,2026 को रिपब्लिक डे चैंपियनशिप आयोजित की गई जिसमें 4 साल से 14 साल तक के खिलाड़ियों ने बड़े ही उत्साह से भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जहां अंडर 6 बालकों की श्रेणी में आयुष श्रीनेत ने जीत का परचम लहराया वहीं श्रेष्ठ कृष्णा उपविजेता रहे तथा बालिकाओं में सुयशी चावला विजेता व अपाला शंकर उपविजेता रहीं। अंडरझ8 आयु वर्ग बालकों में आरव वर्मा विजेता व शर्विन केसरवानी उपविजेता रहे तथा बालिकाओं में अनिका पाल विजेता व आर्या तिवारी उपविजेता रहीं। प्रतियोगिता में सबसे कम उम्र के खिलाड़ी अगस्त्य अस्थाना(3.6 वर्षीय) तथा धैर्य चावला (4 वर्षीय)आकर्षण का केंद्र रहे जिन्होंने बड़े ही उत्साह व उमंग के साथ प्रतिस्पर्धा में भाग लिया। अंडर 14 बालकों में विजेता शिवाय बोहरा व उपविजेता रामांश सिंह रहे वहीं दूसरी ओर अंडरझ14 बालिकाओं में अनाया पटेल विजेता तथा उपविजेता आराध्या सिंह रही। वहीं आयु वर्ग अंडर 12 में टीम कंपटीशन कराया गया जिसमें वॉरियर और चैंपियन टीम के बीच फाइनल मैच हुआ और वॉरियर टीम 3झ1 से जीत दर्ज करके विजेता बने। वॉरियर टीम (विजेता) के मेंबर अर्णव चंद्रा(कप्तान), श्रेयांश कृष्णा, विवान तिवारी, अनघ गुप्ता, जाह्नवी सिंह व सानवी तिवारी रहे ।सभी विजेताओं एवं उपविजेताओं को अकैडमी के खिलाड़ी कौस्तुभ सिंह जो कि जूनियर टेनिस (४झ14) में भारत के नंबर 1 रैंक खिलाड़ी रह चुके हैं के द्वारा सम्मानित किया गया।

> अंडर-6 में आयुष-सुयाशी और अंडर 8 में आरव-अनिका बने विजेता

# अल्काराज व सबालेंका भी क्वार्टर फाइनल में

एजेंसी

मेलबर्न। रिकॉर्ड 10 बार के विजेता नोवाक जोकोविच कोर्ट पर उतरे बिना ही ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए हैं जबकि विश्व के नंबर एक खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज और एरिना सबालेंका ने सीधे सेटों में जीत दर्ज करके अंतिम आठ में जगह बनाई। अपना 25वां ग्रैंड स्लैम एकल खिताब जीतने की कवायद में लगे जोकोविच को चौथे दौर में उनके प्रतिद्वंदी जैकब मेनसिक के पेट की मांसपेशियों में खिंचाव कारण 24 घंटे पहले ही टूर्नामेंट से हट जाने कारण वाकओवर मिला। आयोजकों ने रविवार देर रात मेनसिक के नाम वापस लेने की पुष्टि की। यह मैच सोमवार रात को रॉड लेवर एरिना में खेला जाना था। आयोजकों की तरफ से जारी बयान में मेनसिक ने कहा, पिछले कुछ मैचों के बाद मुझे अच्छा महसूस नहीं हो रहा था। समस्या मेरे पेट की बाई तरफ की मांसपेशियों में है। अगर मैं सोमवार को कोर्ट पर उतरता तो यह मेरे स्वास्थ्य के लिए जोखिम भरा हो सकता है। शनिवार को 16वीं वरीयता प्राप्त मेनसिक ने एथन क्विन को सीधे सेटों में हराया था। जोकोविच तीसरे दौर में बोटिक वैन डे ज़ैंडशल्प को 6-3, 6-4, 7-6 (4) से हराकर ग्रैंड स्लैम एकल में 400 जीत हासिल करने वाले पहले खिलाड़ी बने थे। ऑस्ट्रेलियाई ओपन जीतकर करियर ग्रैंड स्लैम पूरा करने की कोशिश में लगे अल्काराज ने टॉमी पॉल पर 7-6 (6), 6-4, 7-5 से जीत दर्ज की जबकि महिला वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त सबालेंका ने कनाडा की नंबर 17 विक्टोरिया एमबोको को 6-1, 7-6 (1) से हराया। अल्काराज अपने टेनिस करियर में अभी तक ऑस्ट्रेलियाई ओपन में ट्रॉफी नहीं जीती है। इस टूर्नामेंट में वह कभी क्वार्टर फाइनल से आगे नहीं बढ़ पाए हैं। अंतिम आठ में उनका मुकाबला स्थानीय खिलाड़ीऔर छठी वरीयता प्राप्त एलेक्स डी मिनौर से होगा, जिन्होंने 10वीं वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर बुब्लिक को 6-4, 6-1, 6-1 से हराया।

> जोकोविच को वाकओवर मिला



पिछले साल के उपविजेता ओर तीसरे नंबर के खिलाड़ी अलेक्जेंडर ज़्वेरेव ने फ्रांसिस्को सेरुंडोलो को 6-2, 6-4, 6-4 से हराया। अब उनका मुकाबला 20 वर्षीय लर्नर टिएन से होगा, जो 2015 में निक किर्गियोस के बाद ऑस्ट्रेलिया में पुरुषों के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी हैं। टिएन ने तीन बार के उपविजेता दानिल मेदवेदेव को 6-4, 6-0, 6-3 से पराजित किया।

# शीर्ष 10 में नौ कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 2.51 लाख करोड़ घटा

एजेंसी

नयी दिल्ली। शेयर बाजार में कमजोर रुख के कारण पिछले सप्ताह शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में नौ का कुल बाजार मूल्यांकन 2.51 लाख करोड़ रुपये घट गया। इसमें रिलायंस इंडस्ट्रीज को सबसे अधिक नुकसान हुआ। पिछले सप्ताह बीएसई सेंसेक्स 2,032.65 अंक या 2.43 प्रतिशत टूट गया। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजीत मिश्रा ने कहा, समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान बाजारों में भारी बिकवाली देखी गई और मंदड़िए पूरी तरह हावी रहे।

कमजोर वैश्विक संकेतों, निरंतर एफआईआई की निकासी, रुपये के गिरते मूल्य और सामान्य कॉरपोरेट नतीजों ने पूरे सप्ताह दबाव बनाए रखा। रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और भारती एयरटेल सहित शीर्ष 10 में नौ सबसे मूल्यवान कंपनियों का कुल बाजार मूल्यांकन 2,51,711.6 करोड़ रुपये घट गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार मूल्यांकन 96,960.17 करोड़ रुपये घटकर 18,75,533.04 करोड़ रुपये रह गया।

इसी तरह आईसीआईसीआई बैंक का मूल्यांकन 48,644.99 करोड़ रुपये घटकर 9,60,825.29 करोड़ रुपये था। इस दौरान हिंदुस्तान यूनिलीवर का बाजार पूंजीकरण 12,311.86 करोड़ रुपये बढ़कर 5,66,733.16 करोड़ रुपये हो गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज सबसे मूल्यवान कंपनी बनी रही। उसके बाद एचडीएफसी बैंक, टीसीएस, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, इन्फोसिस, बजाज फाइनेंस, हिंदुस्तान यूनिलीवर और लार्सन एंड टुब्रो का स्थान रहा।

### अमेरिका : आव्रजन कार्वाई के बीच संघीय अधिकारियों ने एक व्यक्ति को गोली मारी

मिनियापोलिस। अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन की आव्रजन संबंधी कार्वाई के बीच मिनियापोलिस में संघीय अधिकारियों ने एक व्यक्ति को गोली मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। हाल में भी इसी तरह की कार्वाई के कारण गुस्साए प्रदर्शनकारियों ने शहर की सड़क पर उतरकर विरोध जताया। गोलीबारी से जुड़ा विस्तृत विवरण तत्काल पता नहीं चल सका है। हालांकि, मिनेसोटा के गवर्नर टिम वाल्ज ने बताया कि ट्रंप प्रशासन की आव्रजन संबंधी कार्वाई के दौरान उस व्यक्ति को गोली मारी गई थी। अस्पताल के रिकॉर्ड से पता चलता है कि आव्रजन अधिकारियों द्वारा गोली मारे गए 51 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई है। इस बीच, सुरक्षा विभाग के एक प्रवक्ता ने दावा किया कि मारे गए व्यक्ति के पास हथियार और कारतूस थे। वाल्ज ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि गोलीबारी के बाद उन्होंने व्हाइट हाउस से संपर्क किया।

# ईरानी कोच सेंसेई मेहरान की ट्रेनिंग से निखरे यूपी के कराटे खिलाड़ी

लखनऊ। आगामी राष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप की तैयारियों को धार देने के उद्देश्य से यूपी के चयनित खिलाड़ियों के लिए आयोजित दो दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर का समापन रविवार को हुआ। इस शिविर ने न केवल खिलाड़ियों की तकनीकी समझ को मजबूत किया, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पर्धा के लिए उनके मानसिक संतुलन और आत्मविश्वास को भी नई दिशा दी। कराटे एसोसिएशन ऑफ यूपी के तत्वावधान में केडी सिंह बाबू स्टेडियम के भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी बहुउद्देशीय हाल में आयोजित शिविर में ईरान के कोच सेंसेई मेहरान ने कुमिते (फाइट) के दौरान होने वाले मानसिक दबाव से से निपटने के बारे में टिप्स दी। उन्होंने काता कॉम्बिनेशन में बेहतर फोकस व सटीकता के लिए आधुनिक तकनीके भी बताई। सेंसेई मेहरान ने यूपी के कराटे खिलाड़ियों की प्रतिभा की सराहना करते हुए ज्ञानेश कुमार सिंघल, जयभारत दुबे, हनी सोनी, करन कुमार, ईशान्या पाण्डेय व खुशी धामा को विशेष रुप से चिन्हित किया। उन्होंने कहा कि इन खिलाड़ियों में भविष्य की अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में देश के लिए पदक जीतने की पूरी क्षमता है। इन चुनिंदा खिलाड़ियों को विशेष प्रशिक्षण शिविर के समापन समारोह में मुख्य अतिथि सीतापुर राइस मिल से उद्योगपति प्रिंस अग्रवाल एवं विशिष्ट अतिथि कराटे एसोसिएशन ऑफ यूपी के आजीवन अध्यक्ष इंजीनियर योगेश कुमार ने सम्मानित किया।

> दो दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर का समापन

> ईरानी कोच द्वारा चिन्हित छह खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित

### पाक में आग लगने से 72 लोगों की मौत

कराची। पाकिस्तान के कराची में एक शॉपिंग प्लाजा में लगी आग में मरने वालों की संख्या बढ़कर 72 हो गई है जबकि एक दर्जन लोग अभी भी लापता बताए जा रहे हैं। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। सदर इलाके में स्थित गुल शॉपिंग प्लाजा के तहखाने में 17 जनवरी की रात को आग लग गई और देखते ही देखते पूरी इमारत में फैल गई। आग पर 36 घंटे के बाद काबू पाया जा सका। लगभग 8,000 वर्ग फुट के क्षेत्र में फैले लगभग ।,200 थोक और खुदरा दुकानों वाले परिसर में लगी भीषण आग की घटना के संबंध में एक मामला दर्ज किया गया। दक्षिण के उपायुक्त जावेद नबी खोसो ने रविवार को मीडिया को बताया कि शॉपिंग प्लाजा के मलबे से 72 शव या मानव अवशेष बरामद किए गए हैं। खोसो ने कहा,एक सप्ताह से जारी बचाव और तलाश अभियान के कल तक समाप्त होने की संभावना है क्योंकि इमारत स्थल से मलबा और अवशेष साफ किए जा रहे हैं।

# रियाल मैड्रिड ने विलारियाल को 2-0 से हराया

एजेंसी

बार्सिलोना। किलियन एमबापे के दो गोल की मदद से रियाल मैड्रिड ने विलारियाल को 2-0 से हराकर स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में बार्सिलोना को पीछे छोड़कर शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। एमबापे ने 47वें मिनट में पहला गोल किया और फिर इंजरी टाइम में पेनल्टी पर गोल करके यह सुनिश्चित किया कि रियाल मैड्रिड अंकतालिका में बार्सिलोना से दो अंक आगे निकल जाए। बार्सिलोना को पहला स्थान वापस पाने के लिए अपने अगले मैच में सबसे निचले पायदान पर काबिज रियाल ओविएडो को हराना होगा।

इस जीत से रियाल 21 मैच में 51 अंक हो गए हैं जबकि बार्सिलोना के 20 मैच में 49 अंक हैं। एटलेटिको मैड्रिड और विलारियाल के 20 मैच में 41 अंक हैं तथा वह क्रमशः तीसरे और चौथे स्थान पर हैं। फ्रांस के स्टार खिलाड़ी एमबापे अभी तक ला लिगा में 21 गोल कर चुके हैं और वह सर्वाधिक



गोल करने वाले खिलाड़ियों की सूची में पहले स्थान पर हैं। वहीं दूसरी ओर इटली की पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी पामेला कोंटी को रविवार को भारतीय महिला अंडर-17 टीम की मुख्य कोच नियुक्त किया गया और वह इस साल भारत के एएफसी एशियाई कप अभियान की जिम्मेदारी संभालेंगी। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) की यह इस महीने में राष्ट्रीय टीम के लिए की गई दूसरी नियुक्ति है। इस महीने की शुरुआत में कोस्टा रिका की एमेलिया वाल्वर्डे को सीनियर महिला टीम का मेंटोर (मार्गदर्शक) नियुक्त किया गया था।

2015 और 2023 में फीफा महिला विश्व कप में कोस्टा रिका टीम का नेतृत्व करने वाली एमेलिया एक से 12 मार्च तक ऑस्ट्रेलिया में होने वाले एएफसी एशियाई कप तक टीम की देखरेख करेंगी। एएफसी महिला अंडर-17 एशियाई कप 30 अप्रैल से 17 मई तक चीन में आयोजित होगा। एआईएफएफ ने कहा कि 43 वर्षीय कोंटी अंडर-17 महिला टीम के महाद्वीपीय टूर्नामेंट की तैयारी के ट्रेनिंग शिविर में शामिल हो गई हैं जो आंध्र प्रदेश के अनंतपुर में चल रहा है।

## पेज एक का शेष

### भारतीय उत्पाद

तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप परिवेशी तंत्र बन गया है। ये स्टार्टअप ढे से हटकर काम कर रहे हैंअ ये उन क्षेत्रों में काम कर रहे हैं जिनकी कल्पना भी 10 साल पहले तक नहीं की जा सकती थी। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारतीय स्टार्टअप कंपनियां एआई (कृत्रिम बुद्धिमत्ता), अंतरिक्ष, परमाणु ऊर्जा, सेमीकंडक्टर, परिवहन एवं आवागमन, हरित हाइड्रोजन और जैव प्रौद्योगिकी जैसे विविध क्षेत्रों में काम कर रही हैं। उन्होंने कहा कि आप किसी भी क्षेत्र का नाम लीजिए और आपको उस क्षेत्र में काम करने वाला कोई न कोई भारतीय स्टार्टअप मिल जाएगा। मैं अपने उन सभी युवा मित्रों को सलाम करता हूं जो किसी न किसी स्टार्टअप से जुड़े हैं या अपना खुद का स्टार्टअप शुरू करना चाहते हैं। प्रधानमंत्री ने देशवासियों को राष्ट्रीय मतदाता दिवस और गणतंत्र दिवस की भी शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि भारत पर दुनिया की नजरें हैं और ऐसे समय में हम सब पर एक बहुत बड़ी जिम्मेदारी भी है। वो जिम्मेदारी है गुणवत्ता पर जोर देने की। होती है, चलती है, चल जाएगा, वो युग चला गया। आइए इस वर्ष हम पूरी ताकत से गुणवत्ता को प्राथमिकता दें। हम सबका एक ही मंत्र हो गुणवत्ता, गुणवत्ता और सिर्फ गुणवत्ताउ कल से आज बेहतर गुणवत्ताउ हम जो भी उत्पादन कर रहे हैं, उसकी गुणवत्ता को बेहतर बनाने का संकल्प लें। उन्होंने कहा कि मैंने तो लालकिले से कहा था जीरो डिफेक्ट, जीरो इफेक्ट। ऐसा करके ही हम विकसित भारत की यात्रा को तेजी से आगे ले जा पाएंगे। जीरो डिफेक्ट, जीरो इफेक्ट पहल का उद्देश्य उत्पादों की प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाना और विनिर्माण प्रक्रिया को टिकाऊबनाना है।

### धर्मेंद्र को

व्यापार और खेल जगत की प्रतिष्ठित हस्तियां शामिल हैं। प्रमुख नाम इस प्रकार हैं- अल्का याज्ञनिक- कला (महाराष्ट्र), भगत सिंह कोश्यारी- लोक कार्य (उत्तराखंड), डॉ. कालीपट्टी रामासामी पलानीस्वामी- चिकित्सा (तमिलनाडु), मम्मूटी- कला (केरल), डॉ. नोरी दत्तात्रेयुडु- चिकित्सा (संयुक्त राज्य अमेरिका), पीयूष पांडे (मरणोपरांत)- कला (महाराष्ट्र), एस. के. एम. माइलानंदन- सामाजिक कार्य (तमिलनाडु), शतावधानी आर. गणेश- कला (कर्नाटक), शिबू सोरेन (मरणोपरांत)- लोक कार्य (झारखंड), उदय कोटक-व्यापार एवं उद्योग (महाराष्ट्र), वी. के. मल्होत्रा (मरणोपरांत)- लोक कार्य (दिल्ली), वेल्लापल्ली नटेशन- लोक कार्य (केरल), विजय अमृतराज- खेल (संयुक्त राज्य अमेरिका), मालूम हो कि पद्म पुरस्कार देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कारों में से एक हैं, जो तीन श्रेणियों में प्रदान किए जाते हैं। जिनमें पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री होता है। बता दें कि पद्म विभूषण असाधारण और विशिष्ट सेवा के लिए दिया जाता है, जबकि पद्म भूषण उच्च कोटि की विशिष्ट सेवा के लिए प्रदान किया जाता है और पद्म श्री किसी भी क्षेत्र में विशिष्ट सेवा के लिए दिया जाता है।

### विश्व में

तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का लक्ष्य प्राप्त करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे के निर्माण में निवेश करके हम अपनी आर्थिक संरचना का उच्च-स्तर पर पुनर्निर्माण कर रहे हैं। आर्थिक नियति के निर्माण की यात्रा में आत्म निर्भरता और स्वदेशी हमारे मूलमंत्र हैं। स्वाधीनता के बाद देश के आर्थिक एकीकरण के लिए सबसे महत्वपूर्ण निर्णय जीएसटी को लागू करने से एक देश-एक बाजार की व्यवस्था स्थापित हुई है। जीएसटी व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के हाल के निर्णा से हमारी अर्थव्यवस्था को और अधिक शक्ति मिलेगी। हमारी तीनों सेनाओं के बहादुर जवान, मातृभूमि की रक्षा के लिए सदैव सतर्क रहते हैं। हमारे कर्तव्यनिष्ठ पुलिसकर्मी तथा केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के जवान देशवासियों की आंतरिक सुरक्षा के लिए तत्पर रहते हैं। हमारे अन्नदाता किसान देशवासियों के लिए पोषण सामग्री उत्पन्न करते हैं। हमारे देश के कर्मठ और प्रतिभाशाली महिलाएं अनेक क्षेत्रों में नए प्रतिमान स्थापित कर रही हैं ।उस दिन हमारा संविधान पूरी तरह लागू हुआ।

### देश की

राज्य नहीं रहा, बल्कि राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था का विकास इंजन बन गया है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सरकार ने प्रत्येक नागरिक की सुरक्षा सुनिश्चित की है और बिना किसी भेदभाव के कल्याणकारी योजनाओं को लागू किया है, जिससे किसान, युवा, महिलाएं और गरीब समान रूप से लाभान्वित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित रखते हुए गांवों से लेकर शहरों तक विकास कार्य प्रभावी ढंग से किए जा रहे हैं। राज्य की बदली छवि पर प्रकाश डालते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि एक समय ऐसा था जब उत्तर प्रदेश अपनी पहचान के लिए संघर्ष कर रहा था और उसकी विरासत का उपहास उड़ाया जाता था। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज वही उत्तर प्रदेश भारत के आर्थिक विकास में निर्णायक भूमिका निभा रहा है, जिसमें युवा, किसान और महिलाएं सक्रिय रूप से योगदान दे रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के भाजपा कार्यकर्ता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन और नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष के नेतृत्व में विकास को नयी गति देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं।

### जाड़े से

वॉयस ऑफ लखनऊ लोहिया पार्क रोड, लोहिया अस्पताल रैन बसेरा, विक्रमादित्य मार्ग, पुराना किला मार्ग, मुरली नगर गेट नं. 2, बंदरिया बाग रेलवे क्रॉसिंग, टी.बी. अस्पताल राजेन्द्र नगर, पाण्डेयगंज, क्वीन मैरी, मेडिकल कॉलेज गेट, ट्रॉमा सेन्टर, लारी कार्डियोलॉजी, बलरामपुर अस्पताल, परिवर्तन चौक रैन बसेरा, राम मंदिर सुभाष मार्ग, सिविल अस्पताल, नरही, बली खेत योजना भवन, चारबाग रेलवे स्टेशन, गणेशगंज हनुमान मंदिर, भारती भवन के समीप राजेन्द्र नगर और ठठेरी बाजार में अलाव जलाया। उन्होंने सिविल अस्पताल के पास लोगों को निःशुल्क चाय भी पिलाई। बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट, उत्तर प्रदेश बैडमिंटन एसोसिएशन के चेयरमैन विराज सागर दास ने कहा कि जाड़े भर राजधानी लखनऊ में जगह-जगह अलाव जलवाते रहेंगे। सर्दी में किसी भी जरूरतमंद को कोई परेशानी न हो, इस निमित्त अपनी इस कोशिश को बरकरार रखेंगे। सेवा भाव में कहीं कोई कमी नहीं आने देंगे। गरीबों, मजदूरों और अन्य जरूरतमंदों को जाड़े से बचाना हमारा कर्तव्य भी है और संकल्प भी है।

Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com

